संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 111 शुक्रवार 21 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# दिल्ली सरकार में हुआ विभागों का बंटवारा

» सीएम रेखा ने अपने पास रखे गृह-वित्त

» तो डिप्टी सीएम वर्मा को सौंपी गई शिक्षा,परिवहन

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2025 (ए)।** दिल्ली में नई सरकार के गठन और कैबिनेट की शपथ ग्रहण के बाद मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त, गृह और सतर्कता जैसे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा को शिक्षा, परिवहन और लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा ने मंत्रिमंडल में जातिगत और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न नेताओं को अहम विभाग सौंपे हैं।



## उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उन्हें उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले चर्चा थी कि नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के नेशनल कोऑरिडिनेटर अरविंद केजरीवाल को हराने वाले परवेश साहिब सिंह वर्मा को दिल्ली का नया सीएम बनाया जाएगा लेकिन, भाजपा ने एक बार फिर चौंकाते हुए रेखा गुप्ता को दिल्ली की कमान सौंप दी। इस तरह से शालीमार बाग ने दूसरी बार दिल्ली को सीएम दिया है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पास ये अहम विभाग

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने पास कुल पांच विभागों की जिम्मेदारी रखी है। इनमें वित्त, गृह, सतर्कता, सेवा और योजना विभाग शामिल हैं। इन विभागों के जरिए वह दिल्ली की आर्थिक नीतियों को नियंत्रित करने के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों की निगरानी भी करेंगी।

### उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा को शिक्षा,परिवहन और पीडब्ल्यूडी की कमान

नई दिल्ली विधानसभा सीट से अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। उन्हें शिक्षा, परिवहन और लोक निर्माण विभाग सौंपे गए हैं। शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी पहले मनीष सिसोदिया के पास थी, जिसे अब भाजपा सरकार ने प्रवेश वर्मा को दिया है। उनके पास दिल्ली की सड़कों और ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुधारने का भी अहम दायित्व होगा।

### मनजिंदर सिंह सिरसा को स्वास्थ्य और शहरी विकास विभाग

सिख समुदाय के प्रमुख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा को स्वास्थ्य, शहरी विकास और उद्योग विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे भाजपा को पंजाबी वोटबैंक को मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

### रवींद्र कुमार इंद्राज को समाज कल्याण और श्रम विभाग

बवाना से विधायक और दलित समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले रवींद्र कुमार इंद्राज को समाज कल्याण, एससी/एसटी मामले और श्रम विभाग दिया गया है। इससे अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए नई योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी।

### कपिल मिश्रा को जल और पर्यटन विभाग

करावल नगर से विधायक कपिल मिश्रा को जल, पर्यटन और संस्कृति विभाग सौंपा गया है। जल विभाग के तहत वह दिल्ली के जल संकट को दूर करने और यमुना नदी की सफाई को लेकर नई योजनाएं बनाएंगे। पर्यटन और संस्कृति विभाग के जरिए दिल्ली की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक स्थलों के विकास पर फोकस किया जाएगा।

### आशीष सूद को पर्यावरण और खाद्य आपूर्ति विभाग

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण विभाग की जिम्मेदारी आशीष सूद को दी गई है। इसके अलावा वह राजस्व और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग भी संभालेंगे।

### पंकज कुमार सिंह को कानून और आवास मंत्रालय

पूर्वांचल के मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पंकज कुमार सिंह को कानून, विधायी मामले और आवास मंत्रालय दिया गया है। दिल्ली में किफायती आवास योजनाओं को लागू करने और कानूनी मामलों के सुधार के लिए वह काम करेंगे।




## दिल्ली सरकार के मंत्रियों और उनके विभागों की पूरी सूची

**रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री):-** गृह,वित्त,सेवा,सतर्कता,योजना
**प्रवेश वर्मा (उपमुख्यमंत्री):-**शिक्षा,पीडब्ल्यूडी, परिवहन
**मनजिंदर सिंह सिरसा:-** स्वास्थ्य, शहरी विकास, उद्योग
**रवींद्र कुमार इंद्राज:-**समाज कल्याण,एससी/एसटी मामले,श्रम
**कपिल मिश्रा:-**जल,पर्यटन,संस्कृति
**आशीष सूद:-**राजस्व, पर्यावरण,खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति
**पंकज कुमार सिंह:-**कानून,विधायी मामले,आवास

### भाजपा की रणनीति और भविष्य की योजनाएं


भाजपा ने दिल्ली की जातिगत और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट का गठन किया है। इसमें हर बड़े समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया गया है। यह सरकार दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने पर ध्यान केंद्रित करेगी। अब देखना होगा कि यह नई टीम दिल्ली के विकास के लिए कितनी सफल साबित होती है।

## महत्वपूर्ण खबर

### हम इन्हीं आंखों से भारत को विश्व गुरु बनते देखेंगे

**मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों पर जताया भरोसा, दी बड़ी जिम्मेदारी**

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2025(ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने झंडेवालान में पुनर्निर्मित 'केशव कुंज' के



प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कहा कि 'देश में संघ कार्य गति पकड़ रहा है, व्यापक हो रहा है। आज जिस पुनर्निर्मित भवन का यह प्रवेशोत्सव है, उसकी भव्यता के अनुरूप ही हमें संघ कार्य का स्वरूप भव्य बनाना है और हमारे कार्य से उसकी अनुभूति होनी चाहिए। यह कार्य पूरे विश्व तक जाएगा और भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आंखों से बनते देखेंगे,यह विश्वास है।

### पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए एक बूंद पानी भी अतिरिक्त नहीं



**चंडीगढ़,20 फरवरी 2025(ए)।** रावी-ब्यास जल ट्रिब्यूनल के समक्ष राज्य के आधिकारिक पक्ष की पुरजोर वकालत करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए पानी की एक भी बूंद अतिरिक्त नहीं है।

### पुणे में जीबीएस से दहशत,11 ने तोड़ा दम



**पुणे,20 फरवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र के पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 183 मरीजों में जीबीएस का उपचार किया गया है, जबकि 28 मामले संदिग्ध जीबीएस के हैं। इस बीमारी के कारण कुल 11 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें से 4 मौतों की वजह जीबीएस को बताया जा रहा है, जबकि 7 मौतें संदिग्ध हैं।इन मरीजों में से 42 मरीज पुणे नगर निगम, 94 मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के, 32 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, 33 मरीज पुणे ग्रामीण क्षेत्र और 10 अन्य जिलों से हैं। अब तक 144 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि 36 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं और 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।

### अश्लील सामग्री के प्रसार की शिकायत

» भारत सरकार का ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को पत्र

» नैतिकता संहिता का पालन करें

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2025(ए)।**भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट



प्रकाशकों और ओटीटी प्लेटफॉर्म के स्व-नियामक संगठनों को सलाह जारी की है कि वे भारत के कानूनों और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम, 2021 में निर्धारित नैतिकता संहिता का सख्ती से पालन करें।

### कांग्रेस सांसद पर भीड़ ने किया जानलेवा हमला

**नागांव,20 फरवरी 2025(ए)।** असम के नागांव जिले के रूपोहिहाट में गुरुवार को धुबरी से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रकीबुल हुसैन और उनके सुरक्षा




अधिकारियों (पीएसओ) पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें सांसद बाल-बाल बच गए। हमलावरों ने सांसद के साथ धक्कामुकी कर उन्हें गिरा दिया और फिर बैट से उन पर हमला किया।

# तय सीमा से ज्यादा टिकट क्यों बेचे गए ?

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ पर हाईकोर्ट ने रेलवे को लगाई फटकार, मांगा जवाब

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत के मामले में रेलवे की कड़ी आलोचना की है। अदालत ने सवाल उठाया कि जब एक कोच में सीमित संख्या में यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है, तो उससे अधिक टिकट क्यों बेचे जाते हैं? मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें रेलवे स्टेशनों पर भगदड़ से बचने के लिए सुरक्षा उपायों की मांग की गई थी।

अदालत ने पूछा, अगर आप एक कोच में यात्रियों की संख्या तय करते हैं, तो फिर उससे ज्यादा टिकट क्यों बेचे जाते हैं? यही समस्या की जड़ है।




### नियमों का सही ढंग से पालन करें:एचसी

अदालत ने रेलवे अधिनियम की धारा 57 का हवाला देते हुए रेलवे को निर्देश दिया कि वह कोच में अधिकतम यात्रियों की संख्या और प्लेटफार्म टिकट की बिक्री पर पुनर्विचार करे. अदालत ने कहा कि यदि नियमों का सही ढंग से पालन किया जाए, तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है। न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा, याचिकाकर्ता का मकसद केवल इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए रेलवे से उसके नियमों का पालन करवाने की मांग कर रहे हैं।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाएं

अदालत ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया कि वह याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार करे और उच्चतम स्तर पर निर्णय लेकर अदालत में हलफनामा दायर करे. अदालत की इस सख्त टिप्पणी से साफ है कि भविष्य में रेलवे को यात्रियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे।



## अखिलेश यादव ने बजट को बताया खोखला

**लखनऊ,20 फरवरी 2025(ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नव्व अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2025-26 को दिशाहीन और खोखला करार देते हुए कहा कि इसमें न कोई विजन है, न कोई स्पष्ट रोडमैप। प्रदेश को किस दिशा में ले जाना है, इसका जिक्र तक नहीं किया गया। भाजपा सरकार के इस नौवें बजट में उसके संकल्प पत्र से भी कोई तालमेल नहीं दिखता। प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह बजट महज एक बड़ा ढोल है, जिसमें अंदर से कुछ नहीं है। किसानों, युवाओं और आम जनता को लेकर सरकार की नीयत स्पष्ट नहीं है।

# खुदाई के दौरान शिवलिंग मिला

### पूर्व में दिखा था सांपों का झुंड,सब हिल गए...

**हापुड़,20 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में खुदाई के दौरान शिवलिंग मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। शिवलिंग के दर्शन करने के लिए आसपास के इलाकों से लोग पहुंचने लगे। देखते ही देखते मौके पर लोगों का तांता लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी वहां पहुंच गई। ग्रामीणों का कहना है कि महाशिवरात्रि से पहले शिवलिंग का मिलना शुभ संकेत है। दरअसल, पूरा मामला हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र का है, जहां गांव रसूलपुर के जंगलों में खुदाई के दौरान एक शिवलिंग मिला है. इससे पहले इस जगह पर सांपों का एक झुंड देखा गया था, जिसके बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होनी शुरू हो गईं। इसी बीच सर्प वाली जगह की खुदाई की गई तो वहां से करीब एक फीट का शिवलिंग मिला। गांव में खुदाई के दौरान शिवलिंग मिलने की खबर जंगल में आग की तरह से फैल गई। घर-घर से लोग शिवलिंग की पूजा करने के लिए उमड़ पड़े। दूसरे इलाकों से भी श्रद्धालु आकर शिवलिंग की पूजा अर्चना और दुग्धाभिषेक करने लगे।





# अब तक 57 करोड़ श्रद्धालु कर चुके हैं स्नान

### मेला खत्म होने में महज 6 दिन बाकी

**प्रयागराज,20 फरवरी 2025 (ए)।** महाकुंभ में अब तक करीब 57.08 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। गुरूवार को भी महाकुंभ में भीड़ रही। मेला खत्म होने में अब महज 6 दिन ही शेष बचे हैं। बताया जा रहा है कि सुबह 10 तक लाखों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। वहीं पुलिस प्रशासन संगम तट पर भीड़ न हो इस बात का ध्यान रखते हुए श्रद्धालुओं से अपील कर रही है कि वह स्नान करके वहां से हटते रहे। आज सबसे ज्यादा वीवीआईपी स्नान करने आ रहे हैं, इनमें भारत के साथ–साथ अन्य देशों के लोग भी शामिल हैं। बताते चलें कि अब तक के पूरे स्नान में यह पहली बार है कि इतने ज्यादा वीवीआईपी आ रहे हैं। गुरुवार की सुबह से ही संगम को आने वाले सभी रास्तों पर करीब 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ है। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ स्नान करने पहुंच रहे हैं।इधर भीड़ के चलते प्रयागराज आने वाली 8 ट्रेनों को 28 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है। तो वहीं 4 ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। प्रशासन का अनुमान है कि कल यानी शुक्रवार से महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ में इजाफा हो सकता है। आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर स्नान के साथ मेला खत्म हो जाएगा।

### मेले की तारीख बाने की अफवाह, डीएम ने किया खारिज

महाकुंभ के चलते मेले की तारीख बड़ाने वाली अफवाह को डीएम प्रयागराज रविंद्र मंदार ने खारिज कर दिया है। वहीं सीएम योगी ने भी गुरुवार को विधानसभा में कहा- महाकुंभ की अवधि धार्मिक दृष्टिकोण से निर्धारित होती है। इस बार 45 दिन का आयोजन किया चल रहा है, जिसके चलते तारीख बढ़ने की संभावना बहुत कम है।

## विदेश में एमबीबीएस करने वालों को अब प्रवेश से पहले नीट यूजी पास करना अनिवार्य होगा



### सुप्रीम कोर्ट ने एमसीआई के नियम को बरकरार रखा

**नई दिल्ली,20 फरवरी 2025(ए)।** अगर कोई छात्र विदेश के किसी संस्थान से एमबीबीएस की पढ़ाई करने की सोच रहा है तो अब उसे पहले भारत में नीट यूजी परीक्षा पास करनी होगी, उसके बाद ही विदेश से एमबीबीएस कर सकेगा। अब बिना नीट परीक्षा पास किए विदेशी मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन नहीं मिलेगा। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने विदेश से मेडिकल कोर्स करने के लिए नीट यूजी परीक्षा की वैलिडिटी में एमसीआई के नियम को बरकरार रखा है।




## झारखंड में मात्र 350 रूपये में बिके मैट्रिक बोर्ड के पेपर

**दो विषय की परीक्षाएं रद्द, प्रश्न पत्रों की व्हाट्सएप पर हुई बिक्री, प्रिंस नामक शख्स पर लगा आरोप**

**रांची,20 फरवरी 2025(ए)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक के दो विषयों की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। यहां मैट्रिक बोर्ड के हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद यह घोषणा की गई।

## संपादकीय

### भगदड़ प्रशासनिक/ व्यवस्थागत असफलता

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में अठारह लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक घायल हुए हैं। प्रयागराज और मगध एक्सप्रेस के अतिरिक्त विशेष ट्रेनों से महाकुंभ जाने वालों की भीड़ स्टेशन पर बढ़ती जा रही थी।रेलवे प्रशासन अत्यधिक भीड़ बढने की वजह से यह घटना घटी बता रहा है। चश्मदीदों और यात्रियों का कहना कि पैदल पुल पर बेतहाशा बढ़ती भीड़ के कारण भगदड़ हुई। रेलवे पर कुछ ट्रेनों के अचानक रद्द करने का आरोप है। हैरत की बात है, रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई जिससे भीड़ को बाहर ही रोका जा सके। लोगों ने ज्यादा टिकट बुक कराई तब भी रेल-प्रशासन नहीं चेता। कुचल कर मरने की ऐसी घटनाएं प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता हैं। इनकी लगातार पुनरावृत्ति बताती है, हम अभी भी उन्नीसवीं सदी में जी रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दंभ भरने वालों को इस भीषण भगदड़ में मारे जाने वालों के प्रति तनिक क्षोभ नहीं होता। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा अयोध्या और वाराणसी में भी प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के दौरान भी हो रहा है। मगर वहां की अव्यवस्था को लेकर भी खबरें न के बराबर आ रही हैं। निःसंदेह इतनी भारी भीड़ को संभालने में मुट्ठी भर पुलिसकर्मी कभी सफल नहीं हो सकते। कुंभ के दरम्यान मची भगदड़ के बाद की तरह इस बार भी विपक्ष द्वारा सरकार पर मृतकों और घायलों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया जा रहा है। अपनी नाकामी छिपाने तथा सच्चाई पर परदा डालने की बजाय सरकार को इन मौतों से सबक लेने के प्रयास करने चाहिए। भीड़ को नियंत्रित करने और सटीक अंदाजा लगाने वालों को प्रथम पंक्ति में लाना होगा। अक्षम अधिकारियों पर सख्ती करनी होगी, उन्हें सिर्फ घुड़की देने की रवायत के बाद हाथ झाड़ कर नहीं बैठना चाहिए। इस तरह के किसी भी बड़े आयोजन के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को स्पष्ट दायित्व दिए जाने चाहिए। जनता की जान की कीमत कम कर आंकने की आदत पर सरकार को पश्चाताप करना चाहिए। श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने और जबरदस्त प्रचार करने वालों को भारी संख्या में आने वालों को संभालने का तरीका भी खोजना होगा। अपनी पीठ खुद थपथपाने वालों को संवेदनशीलता से विचार करना ही होगा ताकि इस तरह की किसी भी दुर्घटना की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। खासकर पर्व आयोजन जैसे अवसरों पर पूरी तैयारी जरूरी है।

# साफ होनी चाहिए दिमागी गंदगी?



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

कानूनी कार्रवाई का मतलब सिर्फ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है; इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है। विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएं कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है - खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। यदि कोई मजाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है? आलोचना का मतलब घटिया मानसिकता रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं।

कुछ लोग ह्यूमर के नाम पर समाज में गंदगी फैला रहे हैं। ऐसा कंटेट प्रसारित कर रहे हैं जो चिंता का विषय है। विवाद बढ़ने के बाद ये अश्लील इंफ्लूएंसर अपनी करतूत पर माफी मांग लेते हैं। लेकिन सवाल ये है कि क्या इनकी शर्मनाक हरकत पर इनका माफ़ी मांग लेना काफ़ी है या बड़ा एक्शन होना चाहिये? ऐसे लगों को कानूनी तौर पर तो सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन साथ ही में जनता उनके सभी चैनलों का बहिष्कार करेगी तो यह उनके लिए सबसे बड़ी सजा होगी। इन लोगों को सजा मिलनी आवश्यक है तभी बाकी इस प्रकार के मानसिक दिवालिया वाले लोग सुधार पाएंगे। ऐसे सारे कार्यक्रम, ओटीटी, टीवी, आदि पर भी हैं। सब बंद होना चाहिए। ऐसा बलग़र कंटेंट्स हमारे देश की संस्कृति को खत्म कर देगी।.यह निंदनीय है और सभ्य समाज के लिए गलत भी। ऐसे लोग हमारा सनातन धर्म और हिंद संस्कृति का बेड़ागर्क कर रहे है। इनको सजा होनी चाहिए ताकि आने वाले समय ऐसी नीच हरकत और सोच रखने वाले ऐसी हरकत करने से पहले 10 बार सोचना पड़े। इस सब प्रकार की घिनौनी मानसिकता को देखना और सुनना आज के समाज का भी कसूर है। इन जैसे लोगों का समाज से बहिष्कार करना चाहिए। गंदी भाषा वाले बहुत सारे नाटक और फिल्में दिखाई जाती हैं। उन्हें भी बंद कर देना चाहिए। ओटीटी पर तो बहुत ज्यादा अश्लीलता परोसी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की इंडियाज गॉट लैटेंट पर आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की।





सर्वोच्च न्यायालय ने अल्लाहबादिया के शब्दों के पीछे छिपे गहरे मुद्दों को उजागर करते हुए इसे उनके दिमाग की गंदगी कहा। अल्लाहबादिया के शब्दों की निंदा करते हुए कहा कि उसकी भाषा से माता-पिता और बहनों को शर्म आएगी। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, अल्लाहबादिया की टिप्पणियों की विकृत प्रकृति से पूरा समाज शर्मिंदा महसूस करेगा। यह मामला डिजिटल युग में प्रभावशाली व्यक्तियों और सामग्री निर्माताओं की जिम्मेदारी के बारे में व्यापक चर्चा को जन्म देता है। वैसे भी सार्वजनिक हस्तियों को अपनी भाषा के प्रयोग के प्रति सचेत रहना चाहिए, क्योंकि इससे सामाजिक मूल्यों पर असर पड़ता है। समाज पर ऐसे युवा प्रतीकों के प्रभाव को कम आंकना मूर्खतापूर्ण होगा,विशेषकर युवा मस्तिष्कों और स्वस्थ समाज की बुनियादी संस्कृति पर। क्या यह काफी बड़ा नहीं है? यह पूछना कि शो का कोई प्रतियोगी किस चीज के लिए कितना शुल्क लेगा, क्या इससे युवाओं की एक पूरी पीढ़ी भ्रष्ट नहीं हो जाएगी? तर्कहीन ढंग से और समाज के प्रति किसी जिम्मेदारी के बिना कही गई बातें। क्या आपके बच्चे नहीं हैं और न ही आपको उनकी परवाह है। सच तो यह है कि 'मजाक' के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को सामान्य बनाना उसी मानसिकता को बढ़ावा देता है जो वास्तविक अपराधों को बढ़ावा देती है। समाज रातों-रात नहीं बिखर जाता-इसकी शुरुआत असहनीय को सहन करने, घृणित को सिर्फ हास्य के रूप में नजरअंदाज करने और धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को खत्म करने से होती है।

कानूनी कार्रवाई का मतलब सिर्फ व्यक्तियों को दंडित करना नहीं है। इसका उद्देश्य एक मिसाल कायम करना है कि कुछ चीजें स्वीकार्य नहीं हैं, चाहे लोग उन्हें कितना भी हास्यपूर्ण बताने की कोशिश करें। यदि वे सचमुच समाज को बेहतर बनाने के बारे में चिंतित हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि सांस्कृतिक पतन से लड़ना भी बड़े अपराधों से निपटने जितना ही महत्वपूर्ण है। यदि आप सोचते हैं कि हमें ऐसे घृणित 'मजाक' को नजरअंदाज कर देना चाहिए और केवल 'वास्तविक अपराधों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तो आप यह समझने में विफल हैं कि समाज कैसे काम करता है। विकृत और अपमानजनक हास्य को सामान्य मानने से नैतिक सीमाएं कमजोर होती हैं और लोग अस्वीकार्य चीजों के प्रति असंवेदनशील हो जाते हैं। कॉमेडी में बिना किसी परिणाम के कुछ भी कहने की छूट नहीं है। खासकर तब जब यह बहुत ही विचलित करने वाले क्षेत्र में प्रवेश कर जाए। कानून गरिमा को बनाए रखने और बुनियादी शालीनता के क्षरण को रोकने के लिए मौजूद हैं। अगर आप 'यह सिर्फ़ एक मज़ाक है' के नाम पर इसका बचाव कर रहे हैं, तो शायद असली मुद्दा यह है कि आप इस तरह की सामग्री के प्रभाव के प्रति कितने सुन्न हो गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई करना बहुत ज़रूरी है। आपका यह तर्क कि हमें मजाक के बजाय वास्तविक अपराधों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए मूर्खतापूर्ण और अपरिपक्व दोनों है। हास्य में शक्ति होती है और शक्ति के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

मजाक कहलाने वाली हर बात हानि रहित नहीं होती। कुछ हास्य हानिकारक व्यवहार को सामान्य बना देता है। यदि कोई मजाक अनादर, असंवेदनशीलता या नैतिक सीमाओं को लांघने पर आधारित है, तो यह सवाल उठना उचित है कि क्या यह समाज का उत्थान करता है या पतन करता है। आलोचना का मतलब घटिया मानसिकता रखना नहीं है; यह संस्कृति पर विषय-वस्तु के प्रभाव को पहचानने के बारे में है। यदि कॉमेडी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता तो फिर वास्तव में संवेदनशील कौन है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ऐसी सामग्री का बचाव करना केवल यह साबित करता है कि समाज में क्या स्वीकार्य है, इसके प्रति लोग कितने असंवेदनशील हो गए हैं। स्वतंत्रता का अभिप्राय है, सही समय पर सही यानि नैतिक कार्य करने की स्वतंत्रता। इसी प्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिप्राय है- उचित समय पर उचित बात कहने की स्वतंत्रता। इसके विपरीत कुछ भी, कभी भी कह देने की स्वतंत्रता, स्वतंत्रता नहीं स्वच्छंदता है। स्वच्छंदता को ही अराजकता कहा जाता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सोता रहा रेलवे,रोती रही आस्था

नईदिल्ली स्टेशन पर बढ़ती बेतहाशा भीड़ का सीसीटीवी पर रेलवे के मौके पर मौजूद अफसरों को नजर नही आ रही थी? दिल्ली हादसे पर इंदौर के अखबार खुलासा फर्स्ट द्वारा उठाया ये सवाल हादसे की जांच का मुख्य बिंदु बन गया हैं। ऐसे ही आज भी एक सवाल सबसे मोजू है कि 13 जनवरी यानी कुंभ के आगाज़ के साथ ही रेल के सफर के बुरे हाल मोदी सरकार के रेल मंत्रालय को नजर नही आ रहें थे? रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव स्टेशनों व प्लेटफॉर्म पर पसरी अराजकता से अंजान थे? डिब्बों में तोडफ़ोड़ करने के समाचार व दृश्य से मंत्री महोदय बेख़बर क्यो बने रहें? महिनों पहले महंगे टिकट रिजर्वेशन कर कुंभ नगरी जाने वाले लाखों लोगों के बुरे हाल पर भी भारत सरकार का रेल मंत्रालय क्यो चेन की नींद सोता रहा? अब अगर विपक्ष रेल मंत्री का इस्तीफा मांग रहा है तो वह राजनीति का विषय कैसे हो गया? ये तो शुद्ध आस्था का विषय है कि रेलवे मंत्रालय, रेल मंत्री सोते रहे और आस्था रोती रही। दबती रही, कुचलती रही, दम तोड़ती रही। आस्थावान सरकार, आस्था के प्रति इस बेफ़िक्री पर मंत्री को दंड देगी? या मंत्री महोदय के मानस में व्याप्त नैतिकता उन्हें झकझोरेगी? जिन्होंने रेल मंत्रालय की परिधि में अपनों को खोया, वे ही नही...देश की इस पर नजरें हैं। महाकुंभ तक आने जाने के लिए रेल से सफर के जो नज़ारे देश-दुनिया देख रही थी, वो क्या रेल मंत्रालय को नजर नही आ रही थी? कांच फोड़ते, खिड़की तोड़ते, इंजिन में घुसते, डिब्बों में दबते, स्टेशनों पर कुचलते लोग क्या रेलवे के अफ़सरों को नही दिख रहें थे? जब से कुंभ का शुभारंभ हुआ,




रेल के सफर के बुरे हाल दृश्य श्रव्य माध्यमों पर सरेआम दिखाए जा रहें थे, बावजूद इसके रेलवे के जिम्मेदार सोते रहे और निर्दोष आस्था रोने बिलखने को मजबूर होती रहीं। आखिर रेलवे मंत्रालय की जवाबदेही क्यो तय नही होती? जिम्मेदार अफ़सर अब तक दंड के दायरे से क्यो बाहर हैं? जो व्यवस्था दिल्ली में हादसे के दूसरे दिन यानी रविवार को हुई, वह शनिवार को क्यो नही हो पाई? इसका जवाब हैं क्या किसी के पास? क्या केवल स्पेशल ट्रेन चला भर देने से रेलवे की इतने बड़े आस्था के उत्सव के लिए काफ़ी था? रेल वाले स्पेशल ट्रेनों के आंकड़े गिना रहें हैं लेकिन इन स्पेशल ट्रेनों में सफर कैसे हो रहा हैं, इस पर किसी का ध्यान क्यो नही गया? 13 जनवरी से रेल के सफर के बुरे हाल सब तरफ़ चर्चा में थे। बावजूद इसके रेल मंत्रालय क्या करता रहा? ये सवाल विपक्ष का ही नही, जन जन का हैं। जवाब देना ही पड़ेगा। अन्यथा ये माना जायेगा कि रेल मंत्रालय ने ही आस्था से अभिभूत जनसामान्य को मरने के लिए छोड़ा था।रिज़र्वेशन क्लास के डिब्बो में जिस तरह से अराजकता पसर रही थी, वह वक्त रहते क्यो नही थामी गई? लोगों में एसी कोच तक को नही बख़्शा। उसके हाल भी जनरल डिब्बे से बदतर कर दिये। दरवाज़ों को ल मार कर तोड़ा जा रहा था। एसी कोच के कांच फोड़े जा रहें थे। एक डिब्बे में एक हज़ार यात्रियों के घुसने, दबने के नज़ारे क्या सिर्फ़ देश ही देख रहा था? मोदी सरकार का रेल मंत्रालय इस सबसे बेख़बर था? अगर नही था तो फिर ये सीधे जिम्मेदारी रेल मंत्री महोदय की नही बनती क्या? प्रयागराज आने जाने वाले तमाम रेलवे स्टेशनों पर एक जैसे हालत थे। फिर चाहे वह सतना हो या पटना या फिर दिल्ली हो या भोपाल। हज़ारों की भीड़ हर स्टेशनों पर पहुँच रही थी लेकिन वह भगवान भरोसे क्यो छोड़ दी गई? आम आदमी का प्रयागराज सफर तो रेलवे के जरिये ही पूरा होना था। उसके पास कहा कार व अन्य चार पहिया वाहन हैं। वह तो बाल बच्चो सँग रेलवे स्टेशन की तरफ ही बढ़ेगी। आखिर रेल ही तो आस्था के इस रेले का कुंभ नगरी जाने का एकमात्र जरिया थी। बावजूद इसके भारत सरकार का रेल मंत्रालय क्या करता रहा? सिर्फ़ स्पेशल ट्रेन चला देने या रेल के फेरे बढ़ा देने तक ही उसकी जवाबदारी थी?हादसे के बाद के बंदोबस्त पहले से लागू क्यों नही हुए?

**-नितिन मोहन शर्मा-**

## कविता
### बिन फेरे हम तेरे

**घटती-घटना**




**आसिया फारूखी**
फतेहपुर उत्तरप्रदेश

जीवन में कुछ ख्वाब,
अधूरे रहें तो अच्छा हैं।
आंखों में तस्वीर सजी,
वो साफ़ रहे तो अच्छा हैं।
मुश्किल कितनी भी आए,
तू साथ रहे तो अच्छा हैं।
बिन फेरे हों हम तेरे ,
ये बात रहे तो अच्छा हैं।
जिसे दिल में बसाए बैठे हैं,
वो पास रहे तो अच्छा हैं।
हर लफ्ज़ में तेरा ज़िक्र रहे,
ये ज़ात रहे तो अच्छा हैं।
जीवन में कुछ ख्वाब,
अधूरे रहें तो अच्छा हैं।
हर चाहत के मौसम,
न पूरे हो तो अच्छा हैं।
उलझन में भी कुछ बाक़ी,
अरमान रहें तो अच्छा हैं।
कुछ ज़ख्म पुराने हो जाय,
पर हरे रहे तो अच्छा हैं।
चाहे जितनी अआंधी आएं,
तू साथ रहे तो अच्छा हैं।
बस तेरे होकर रह पाएं,
कोई दर्द न हो तो अच्छा हैं।
मुश्किल कितनी भी आए,
तू साथ रहे तो अच्छा हैं।।

## कविता
### भले का भला जमाना


इस दुनियाँ में आये हो तो मेरे भाई
अच्छे काम कर वापस ही जाना
क्योंकि फिर इस दुनियां। में प्यारे
वापस फिर नहीं है तुम्हें आना
भले का संगत भले बन इन्सान
बन जग को तुम इक बार दिखलाना
बुरे लोगों से इस जीवन में कभी
भूल कर भी हाथ ना है। मिलाना
अच्छी मीठी वाणी बोल ओ हर प्राणी
अच्छे कर्म कर जीवन भर इतराना
बेईमानी का खेल ह दुःखदायी
कभी लालच में पड़ कर ना अपनाना
ईर्ष्या द्वेष व अमानवीय कोई तराणा
जीवन में कभी ना है तुम्हें गाना
जिस जिस ने इनको है अपनाया
जीवन भर मेरे भाई होता है पछताना
अच्छा व्यवहार अच्छा। संस्कार
अच्छे का है हर कोई है जग में दीवाना
अच्छे से अब दोस्ती कर लो मेरे भाई
अच्छे का है ये आधुनिक जमांना



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला बांका बिहार

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# जाति,धर्म अउ सम्प्रदाय के संगम मा हमर राजिम मेला



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

माँघ अउ फागुन के महीना हर लोगन मन बर बहुत ही खास रहिथे; अउ रही काबर नहीं; माँघी पुन्नी के मेला जे लगथे। अतेक बड़ कुम्भ के मेला राजीवलोचन धाम मा भराथे। जेन मनखे मन राजिम जइसे पवित्र स्थान मा रहिथे, तेखर भाग तो खुलबे करही। संगवारी हो, हमर राजिम के मेला-मैदान हर पन्द्रह दिन पहिली भराये के शुरू हो जाथे। ये मेला हर महाशिवरात्रि तक रहिथे।

**देवत हावँव नेवता,**
**आवव जुरमिल लोग।**
**दर्शन कर भगवान के,**
**खाहु पीड़िया भोग।।**

गदबद-गदबद मेला मैदान हर करत रहिथे। माँघ पुन्नी के दिन बड़े बिहनिया ले लोगन मन महानदी, पैरी अउ सोंढूर नदी के संगम मा स्नान कर के राजीवलोचन अउ कुलेश्वर महादेव मा जल चढ़ाथें; पूजा पाठ करथें। उही दिन ले मेला के शुरुआत घलो होथे। बड़े-बड़े झूला, सरकस, किसम-किसम के खाई-खजाना इही मेला मा तो देखे ला मिलथे। बाहिर ले लोगन मन आथें। बड़े-बड़े साधु-संत मन घलोक आश्रम मा विराजमान रहिथें।

सब ले बड़े खुशी के बात ये हरे कि आजकल के लोग-लइका मन अपन पढ़ई-लिखई मा अतेक व्यस्त रहिथें कि बाहरी दुनिया, मेला-मड़ई, पुरखौती जिनिस ला जानबे नइ करँय। कुछू पूछ देबे त दाँत ला खीस ले निकाल देथें। जानबे नइ करय तेन काला बताहीं। पर ये मड़ई-मेला मनोरंजन, आपसी मेल-मिलाप ला जाने के बने साधन हरे।

मड़ई-मेला के समय जवान लागे न बुढ़ुवा सब अपन-अपन काम-बुता मा लगे रहिथें। माईलोगन ला तो फुरसद घलो नइ मिलय काखरो घर आये-जाये के। सियान मन घर मा सुत के पहा दिही; फेर काखरो घर नइ जावँय। कुछ काम रहिथे, तभे उँखर गोड़ उसलथें।

जेन दिन ले मेला लगई शुरू होथे उही दिन ले लोगन घर सगा-सोदर के अवई-जवई शुरू हो जाथे। महाशिवरात्रि तक तो राजिम के सब घर मा सगा-सोदर मन के आगमन होवत रहिथे। घर वाले मन तो लोगन के जेवन-पानी के बेवस्था ला आघू ले कर के रखे रहिथें कि अई आज हमर फूफू मन आही, ता मोसी आही, ममा आही...। लोग लइका मन ला शुरू-शुरू मा बने लागथें, फेर दू-चार दिन बाद असकटा जाथें, काबर कि ओखर मन के दिनचर्या घलो बिगड़ जाथे पढ़ई-लिखई के। तेखर पाय हमर राजिम के स्कूल मन मा छुट्टी दे देथें, तेन बने लागथे।

लइका मन के धियान हर सरकस के भालू कोती रही कि पढ़ई-लिखई मा। ये बात घलो हरे कि आजकल सबझन हर अकेल्ला रहे के आदत बना डरे हे, तेखर पाय बनेच दिन बाद सब ले मिलई -जुलई होथे त बने लागथे। मेला-मड़ई मा अमीर लागे न गरीब, छोटे लागे न बड़े सब एक बरोबर रहिथें।



जाति, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा के भेदभाव बिल्कुल नइ रहय; तेन बढ़िया लागथे।

**चारो कोती देख,**
**खुशी हर मन मा छाये।**
**माँघी पुन्नी रात,**
**दरश भगवन के पाये।।**
**करे नदी स्नान,**
**पाप जम्मो कट जाये।**
**जोहत रहिथे साल,**
**माँघ मेला कब आये।।**

अइसे तो मेला दिन भर रहिथे; फेर जेन मजा संझा ले रतिहा बेरा तक घूमे के रहिथे, वो मजा बिहना मा नइ रहय। पहिली दिन तो घर के सियान मन लइका मन ला भेज देथें, जावव बाबू हो.... काय-काय जिनिस आये हे तेन ला देख के आहू कहिके। लइका मन घलो अब्बड़ चतुरा; पहिली ले आगू ले घूम-घूम के आ जाय रहिथें, तभो ले हमन तो देखेच नइ हन कहिके निकल जाथें। दूसर दिन ले घर के जम्मो सगा-सोदर, माईलोगन, लइका-सियान मन जाथें। कोनो-कोनो लइका मन तो जब तक झूला बंद नइ होये, तब तक घूमते रहिथें; जानो-मानो उही मन मेला बंद करे के ठेका लेहे।

किसम-किसम के झूला तो हमर राजिम मेला मा आथें नवा-नवा डिजाइन के। सियान मन ला तो ये सब देखके चक्कर आ जाथे। फेर युवा पीढ़ी अउ नान-नान लइका मन के तो इही मजा रहिथे। आकाश-झूला जेन अइसे लागथे के जानो-मानो, आसमान ला छू दिही। डोंगा-झूला मा तो डोंगा मा बइठे हस तइसे लागथे, ब्रेकडांस चलते -चलत झटका के साथ मुड़ जाथे। सावधानी के साथ झूले ला पड़थे, नहीं ते घेंच हर धर लेथे। फेर मेला भर घर ले निकलना मुश्किल हो जाथे। पेंडुलम झुला मा बइठबे त बिना सहारा के नइ बइठ सकस। येती-वोती गोल-गोल घूम के चारों मुड़ा फेकावत रहिथे। जतका ज्यादा उल्टा-पुल्टा, नवा-नवा झूला आथे, वतकी ओखर रेट रहिथे। पहिली तो पाँच रुपिया दे के मन भर झूल लेवत रहेंन। अब तो पाँच के जमाना ही खतम होगे। बिना सौ-पचास के टिकिट नइ मिलय। महंगाई घलो बाढ़त जावत हे अउ झूलने वाला के जनसंख्या घलो बाढ़त हे। दूनों मा कोनो कमी नइ दिखय। नान-नान लइका मन बर घोड़ा, हाथी, ड्रैगन मन बने रहिथें। लइका मन खुश हो जाथें।

लोगन ला जब तक भीड़ नइ होय राहय, तब तक मेला मा मजा नइ आवय। कुछू खाय ला मिले चाहे झन मिलय, पर धक्का-मुक्की जरूर खाय बर मिलथे। मेला मा खान-पान के सब ले खास जिनिस हरे लाई के ओखरा (मीठा लाई), पेठा, रखिया पाग ये जिनिस सब ले फायदेमन्द रहिथे। ये जिनिस ला मेला के विशेष मिठाई के रूप मा माने जाथे। मेला मा अइसन भीड़ रहिथे। पाँव रखे के जगह नइ रहय। सरकस, मौत कुआँ, बड़े-बड़े क्राफ्ट बाजार लोगन के मन ला मोह लेथे। माईलोगन मन कुछू जिनिस नइ लेवन बोलथे फेर समान ला देख के मोहा जाथें, एक के जगह दू-चार जिनिस धर के लेगथें। किसम-किसम के जिनिस ला देख मन बड़ अच्छा लगथे। आजकल के लइका मन नइ जाने तेन ला जाने के मौका मिलथे। सुपा-पर्रा, बांस के बने खिलौना- हाथी, घोड़ा, ऊँट अउ मिट्टी के बर्तन, चीनी मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के सामान वगैरा।

**घूम घूम के खाव,**
**लगे हे पुन्नी मेला।**
**पेठा गुपचुप चाट,**
**खड़े हे जम्मो ठेला।।**
**आवय घर घर लोग,**
**सगा सोदर संगवारी।**
**बाढ़य मया दुलार,**
**घूमथे पारी पारी।**

जेन लोगन ला मन्दिर दर्शन करना रहिथें, तेन बिहनिया चार बजे ले लाइन लगा लेथें। उहाँ घलो पाँव रखे के जगह नइ रहय। थोकिन सुरुज उए ले लोगन के कचाकच भीड़ उमड़े ला लगथे। जेकरे भाग बने रहिथे, तेने ला भगवान के दर्शन मिलथे; बाकी तो मनखे-मनखे एक-दूसर ल देख के आ जाथे। भीड़ मा न नरियल चघाय ल देवे, न पाँव परे ला। अगरबत्ती तो बहुत दूर के बात हरय, काखरो फूल हर भगवान तक नइ पहुँचे,काबर की बड़े जान बांस ला पहिली ले घेर दे रहिथे। जय भगवान-जय भगवान बोलो अउ आघू निकलो। फेर जाना चाही, मन्दिर मा पाँव रखे मात्र से ही भगवान के आशीर्वाद मिल जाथे; अइसे घर के सियान मन कहिथे।

कचाकच मेला भराय के समय नदिया मा भिखारी, लुटेरा अउ पाकिटमार के बनेच कमाई हो जाथे। साधु-संत मन तो बइठे ही रहिथें । फेर भिखारी अउ लुटेरा मन के साल भर के कमाई पन्द्रह दिन मा हो जाथे। चोर अउ पाकिटमार ले बच के रहना चाही। माईलोगन मन ला तो गहना पहिर के जाना ही नहीं चाही, नहीं ते फेर गहना नइ बाँचय । कतको पुलिस बेवस्था रहिथे, तभो ले पाकिट मार होथे ही। इहाँ भिखारी मन के माँगे के नवा -नवा आइडिया घलो देखे ला मिलथे। कोनो हाथ-गोड़ मा पट्टी बाँध के आ जाथे त, दया के मारे ये दाई; बिचारा के हाथ टूट गेहे दू-चार रुपिया दे देथो; भला होही,पुण्य मिलही, कहिके मनखे मन दे देथे। बड़ चतुरा देवार-देवरनिन; कटोरा धर-धर के बइठे रहिथे। अतेक नरम हो के माँगथे-दे दे न दीदी, दे दे न वो बहिनी, हमू मन थोकिन मेला घूम लेबो, मांग के खाथन ओ। जेन लोगन ओखर बात मा पिघल जाथें, मानो पूरा लूटा जाथें। जइसे ही पइसा सकलाथे, ओखर बाद जेकर हाथ मा पट्टी बँधे रहिथे तेकर हाथ तुरते ठीक हो जाथे अउ दारू पी के घोंडे रहिथें । देवरनिन मन घूम-घूम के चाट गुपचुप खाथे अउ मेला के आंनद लेथें। बड़े-बड़े डनचघा मन आथें। नान-नान रिंग मा बुलक जाथें। पतला डोरी म रेंग के दिखाथें।

संगवारी हो ! हमर राजिम मेला आहू त येखर मन के बनेच दुरिहा रइहू, नहीं ते लुटा जाहू। फेर आये बर झन बिसराहू।

**गहना जेवर के बने,**
**रखहू जम्मो ध्यान।**
**चोर लुटेरा घूमथे,**
**लेगय लूट समान।।**

जेन कुछू जिनिस लेन-देन करना हे; खास राजिम के लोगन मन आखरी दिन मा जाथें। नाना प्रकार के जिनिस ले के आथें अउ सस्ता मा पाथें, काबर की दुकानदार मन ला जल्दी अपन घर जाना रहिथें त कम रेट म बिसाथे तेला बासी मेला घलो कहिथे। ये हर शिवरात्रि के दू दिन तक रहिथे। पन्द्रह दिन के कुम्भ के मेला बड़ा ही आंनदमय रहिथे। समय हर अतेक जल्दी-जल्दी निकलथे पता ही नइ चले। मोला तो अइसे लागथय कि हमर राजिम मेला ह महानदी, पैरी अउ सोंढूर नहीं, भलुक जाति, धर्म अउ सम्प्रदाय के संगम भराय अमीर-गरीब सबके मेला आय। जय जोहार।

**पावन राजिम धाम के,**
**महिमा अपरंपार।**
**दूनों हाथ ल जोड़ के,**
**करथँव मँय जोहार।।**

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में मैनपाट में 65.65 व सीतापुर में 67.85 प्रतिशत वोटिंग








- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरे चरण गुरुवार सीतापुर व मैनपाट क्षेत्र में संपन्न हुआ। मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक हुई। इसके बाद मतगणना भी शुरू हो गई। सीतापुर विकासखंड में 67.85 प्रतिशत व मैनपाट में 65.65 प्रतिशत कुल 66.75 प्रतिशत वोटिंग हुई। दूसरे चरण में भी मतदाताओं में विशेष उत्साह रहा। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे शुरू होते ही बूथों पर मतदाताओं की भीड़ देखी गई। लोग लंबी लाइन में खड़े होकर मतदान किया। पुरूष के साथ महिला वोटर्स भी उत्साहित नजर आए। दूसरे चरण का मतदान विकासखंड सीतापुर व मैनपाट में संपन्न हुआ। जनपद पंचायत मैनपाट क्षेत्र में दूसरे चरण में जिला पंचायत के लिए दो पद हैं, जिसमें क्षेत्र क्रमांक 13 से 8 अभियर्थी,क्षेत्र क्रमांक 14 से 4 अभियर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा जनपद पंचयत मैनपाट में जनपद सदस्य के 17 पदों के लिए 91 अभ्यर्थी, सरपंच के 44 पद के लिए 215 अभ्यर्थी , पंच के 643 पद हैं जिसमें 280 पंच निर्विरोध हैं। शेष 363 पंच पद के लिए 848 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। विकासखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 54396 है। जिसमें 27252 महिला, 27144 पुरुष मतदाता हैं। नपद पंचायत सीतापुर में जिला पंचायत सदस्य के लिए दो पद हैं, जिसमें क्षेत्र क्रमांक 11 से 5 और 12 से 6 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। जनपद पंचायत सीतापुर के लिए जनपद सदस्य के 15 पद के लिए 61 अभ्यर्थी, सरपंच के 42 पद हैं जिसमें एक निर्विरोध सरपंच चुने गए हैं। शेष 41 पद के लिए 181 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पंच 676 पद हैं, जिसमें 334 निर्विरोध हैं, 2 पद रिक्त हैं। शेष 340 पद के लिए 771 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। जनपद पंचायत क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या कुल 67322 है। जिसमें 34505 महिला, 32816 पुरुष, एवं 1 अन्य मतदाता हैं।

### कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

कलेक्टर विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल मैनपाट ने दूरस्थ मतदान केंद्र करमहा सहित बिसरपानी, आवराडंड, कुनिया, बंदना एवं सीतापुर ब्लॉक के बमलाया, सोनतरई सहित अन्य मतदान केंद्रों में पहुंचकर नीनिक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदाताओं से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

## लड़कियों के आपस में मारपीट करने का वीडियो हुआ था वायरल, 4 पर हुआ रिपोर्ट दर्ज



- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
शहर के ट्रांसपोर्ट नगर के पास रिंग रोड पर चार युवतियों द्वारा किसी बात को लेकर आपस में मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। मामले में मणिपुर पुलिस ने अज्ञता लड़कियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मणिपुर थाने में पदस्थ आरक्षक महेश्वर शरण सिंह 19 फरवरी को पेट्रोलिंग ड्यूटी पर था। इस दौरान मुखबिर से एक वीडियो प्राप्त हुई। जो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा था। वीडिया शहर के ट्रांस्पोर्ट नगर की है। जिसमें चार लड़कियां किसी बात को लेकर आपस में गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर रहीं हैं। वीडियो के आधार पर आरक्षक महेश्वर शरण सिंह ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात लड़कियों के खिलाफ धारा 115(2) व 296 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## 2.49 लाख रुपए के नशीले इंजेक्शन व कफ सिरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
शहर के मौलवी बांध तालाब के पास से कोतवाली पुलिस ने 20 फरवरी को नशीले इंजेक्शन व कफ सिरप के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी बैग में नशीले कफ सिरप व इंजेक्शन रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। जब्त नशीले पदार्थ की कीमत 2 लाख 49 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि 20 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि शहर के मौलवी बांध तालाब के पास तीन युवक बैग में नशीले काफ सिरप व इंजेक्शन रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर तीनों संदेहियों को हिरासत में लकर बैग की तलाशी ली गई। तीनों के बैग में 149 नग प्रतिबंधित नशीले काफ सिरप व 200 नग इंजेक्शन पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। जब्त नशीले पदार्थों की कीमत 2 लाख 49 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल गुप्ता पिता स्व. मंगल साव गुप्ता उम्र 33 वर्ष, अजीत सिंह पिता स्व. हृदय नारायण सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी मायापुर चांदनी चौक के पास थाना कोतवाली व चंदन सोनी पिता स्व. कन्हैया प्रसाद सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी महादेवगली बौरीपारा थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। संपूर्ण कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक अरुण दुबे, प्रधान आरक्षक सदरक लकड़ा, सियाराम मरावी, सूरज राय, आरक्षक विवेक कुमार राय,मंटू गुप्ता, संजय तिवारी, नरेन्द्र सिंह सक्रिय रहे।

## स्टंटबाजी का वीडियो हुआ था वारल,डीईओ ने छात्र-छात्राओं पर दिया कार्रवाई क्रा निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
स्वामी आत्मानंद स्कूल बतौली में फेयरवेल की पार्टी थी। इसके लिए बतौली से काफी संख्या में छात्र-छात्राएं कार में सवार होकर अंबिकापुर के एक निजी होटल में पहुंचे थे। यहां पार्टी करने के बाद सभी शहर की सडक़ों पर कार से स्टंट करते हुए बेखौफ निकल गए। इस दौरान उन्होंने सडक़ को जाम कर दिया था, जिससे अन्य वाहन चालकों व राहगीरों का परेशानी का सामना करना पड़ा था। कार में स्टंट के दौरान छात्राएं भी थीं। वे भी अलग-अलग अंदाज में कार की विंडो से बाहर निकलकर मौज-मस्ती करती नजर आ रहीं थीं। वहीं छात्र हाथ में शराब की बॉटल लिए पूरे शहर में हुड़दंग मचाते रहे। शहर में ये नजारा पेश कर जहां कार सवार छात्र यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए थे। वीडिया में छात्र-छात्राओं द्वारा अनुशासनहीनता पाया गया है। मामले को डीईओ अशोक सिन्हा ने गंभीरता से लेते हुए स्कूल के प्राचार्य को नोटिस देकर छात्र-छात्राओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डीईओ ने बताया कि मामले को गंभीरता देखते हुए बच्चों के अभिभावकों को भी स्कूल द्वारा नोटिस दिया गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है। अगर अभिभावकों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो कारब 11 छात्र-छात्राओं को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। ये सभी बच्चे कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले हैं।



## एक और के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
सरगुजा पुलिस द्वारा एक और युवक के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। इंदर सोनवानी पिता राम प्रसाद सोनवानी निवासी हिरजनपारा थाना मणिपुर का रहने वाला है। इसके खिलाफ थाने में कई अपराध थे। एसपी योगेश पटेल ने इसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के प्रावधानों के तहत जिला बदर कार्रवाई की है। इसे सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से आदेश 20 फरवरी 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिये जिले से निष्काषित (जिला बदर) करने की कार्रवाई की गई है।



## शासकीय स्कूल में अश्लील भोजपुरी गाने पर छात्र-छात्राओं संग शिक्षकों ने किया डांस

- संवाददाता -
बलरामपुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
शिक्षा विभाग जहां स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहा है, वहीं कुछ शिक्षक अपनी मर्यादा भूलकर अनुशासन की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला वाड्रफनगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से सामने आया है,जहां कक्षा 12वीं की छात्राओं के विदाई समारोह में प्राचार्य, व्याख्याता और अन्य शिक्षकों ने अश्लील भोजपुरी गानों पर जमकर डांस किया।



इस शर्मनाक हरकत का वीडियो किसी ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे शिक्षा विभाग की छवि धूमिल हो रही है।

वीडियो सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्यालय पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। विद्यालय की अन्य छात्राओं ने अधिकारियों को बताया कि अब तक उनकी कक्षा का सिलेबस भी पूरा नहीं हुआ है, फिर भी जबरन विदाई समारोह आयोजित कराया गया। छात्राओं के अनुसार, प्राचार्य रामनाथ नायक और शिक्षक संतोष कुमार साहू ने शिक्षकों की गरिमा को भुलाकर छात्राओं के सामने अश्लील गानों पर डांस किया, जिससे पूरा माहौल खराब हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए छ्वश्वह्र ने संबंधित शिक्षकों से जवाब-तलब किया है और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## पश्चिमी विक्षोभ का असर,सीतापुर में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

- संवाददाता -
अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
सरगुजा में एक बार फिर मौसम का मिजाजा दो दिनों से बदला हुआ है। बुधवार की रात अंबिकापुर में हल्की बूंदा बांदी हुई। वहीं गुरुवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। कई क्षेत्रों में बाहरश के साथा होलावृष्टि भी हुई है।

सीतापुर विकासखंड के बमलाया, सरगा और गेरसा सहित अन्य इलाकों में ओलावृष्टि लगभग 10 मिनट तक हुई। जिसके कारण सडक़ों, खेतों और मैदानों में बर्फ की परत बिछ गई। इसके बाद तेज बारिश ने क्षेत्र में ठंडक और बढ़ा दी। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताध कि फिलहाल पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके अलावा मध्य भारत में चक्रवाति परिसंचरण भी बना हुआ है। इन दोनों के असर के कारण सरगुजा संभाग में भी देखा जा रहा है। क्षेत्र में कहीं-कहीं तेज गरज व चमक के साथ मध्यम बारिश व ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। चक्रवात का असर सरगुजा में दो से तीन दिनों तक रहने की उम्मीद है।

बेमौसम बारिश का असर खेती-किसानी पर भी पड़ सकता है। आसमान में बादल छाए रहने व बारिश होने से सब्जी, तेलहन, दलहन सहित अन्य फसल को नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि रवि के फसल को फायदा मिलेगा। अगर अधिक बारिश व ओलावृष्टि होने से रवि के फसल को भी नुकसान पहुंच सकता है।





# ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति को बताया तानाशाह,तो स्टार्मर ने फोन पर जेलेंस्की को दिया समर्थन





**लंदन, 20 फरवरी 2025।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात की और उन्हें अपना समर्थन दिया। दोनों नेताओं की बातचीत तब हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रति डोनाल्ड ट्रंप ने जेलेंस्की को तानाशाह बताया और रूस के साथ युद्ध की स्थिति से निपटने को लेकर उनकी आलोचना की।

डाउनिंग स्ट्रीट ने बुधवार की रात एक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया, स्टार्मर ने जेलेंस्की को यूक्रेन के लोकतांत्रिक रूप से चुने हुए नेता के रूप में समर्थन दिया और कहा कि युद्ध के समय चुनावों को स्थगित करना एक उचित कदम है, जैसा ब्रिटेन ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किया था।

### पिछले साल मई में खत्म हुआ जेलेंस्की का कार्यकाल

जेलेंस्की का पांच साल का कार्यकाल पिछले साल मई में समाप्त हो गया था। लेकिन युद्ध के कारण चुनाव स्थगित हैं। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा,प्रधानमंत्री (स्टार्मर) ने यूक्रेन में स्थायी शांति के लिए अमेरिका की ओर से किए जा रहे प्रयासों के लिए भी समर्थ दोहराया, जो भविष्य में भविष्य में रूस के किसी भी आक्रमण को रोकने में मदद करेगा।

### स्टार्मर के अमेरिका दौरे से पहले हुई फोन पर बात

स्टार्मर की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब वह वॉशिंगटन का दौरा करने वाले हैं,जहां वह ट्रंप से मुलाकात करेंगे। उनकी द्विपक्षीय बैठक के एजेंडे में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा होने की संभावना है। जेलेंस्की से फोन पर बातचीत के दौरान स्टार्मर ने इस बात पर जोर दिया कि सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है।

### ब्रिटेन का समर्थन महत्वपूर्ण, हम कभी नहीं भूलेंगेः जेलेंस्की

वहीं, फोन पर बातचीत के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, ब्रिटेन का समर्थन वाकई महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन के नागरिकों ने हमारे देश और लोगों के प्रति जो सम्मान दिखाया है, हम उसे कभी नहीं भूलेंगे।

### यूक्रेन सम्मेलन की तैयारी कर रहा ब्रिटेन

ब्रिटेन ने यह भी कहा कि वह स्टार्मर के अमेरिका दौरे के बाद यूरोपीय संघ के नेताओं को साथ लेते हुए यूक्रेन सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी कर रहा है, क्योंकि यूरोप ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल में बदलती भू-राजनीतिक स्थिति को समझने की कोशिश कर रहा है।

# पनामा के होटल में फंसे अमेरिका से निकाले गए भारतीयों पर आया बड़ा अपडेट



**पनामा सिटी,20 फरवरी 2025।** अमेरिका से पनामा पहुंचे सभी प्रवासी भारतीय होटल में सुरक्षित हैं। भारत अमेरिका से निकाले गए भारतीयों की मदद के लिए पनामा के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। पनामा में भारतीय दूतावास ने कहा कि सभी प्रवासी होटल में सुरक्षित और संरक्षित हैं। साथ ही दूतावास की टीम भारतीयों को कांसुलर पहुंच मुहैया करा रही है।

पनामा में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पनामा के अधिकारियों ने हमें बताया है कि कुछ भारतीय अमेरिका से पनामा पहुंचे हैं। वे सुरक्षित हैं और एक होटल में ठहरे हैं, जहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। दूतावास की टीम ने उनसे मिलने की अनुमति ले ली है। हम उनकी देखभाल के लिए स्थानीय सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

पनामा में लगभग 300 लोगों को एक होटल में रोका गया है, जिन्हें अमेरिका ने निकाला है। ये लोग अलग-अलग देशों के हैं और जब तक उनकी वापसी की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक उन्हें होटल से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, 40त्न से ज्यादा प्रवासी अपने देश लौटने के लिए तैयार नहीं हैं। होटल में बंद प्रवासियों ने खिड़कियों पर संदेश लिखे हैं, जिनमें लिखा है - मदद करें और हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं।

पनामा के उप विदेश मंत्री रुइज हर्नांडेज ने कहा कि 97 लोगों को एक शिविर में ले जाया गया। वे बंदी नहीं हैं। यह एक प्रवासी शिविर है। जहां उनकी देखभाल की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, सभी प्रवासी 10 एशियाई देशों से आए हैं, जिसमें ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के लोग शामिल हैं। अमेरिका के लिए इन देशों में सीधा निर्वासन करना मुश्किल है, इसलिए पनामा को एक ठहराव के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक एब्रेगो ने दावा किया है कि, सभी प्रवासियों चिकित्सा सुविधा और खाना मिल रहा है। यह पूरी व्यवस्था अमेरिका और पनामा के बीच हुए एक समझौते के तहत हो रही है। अमेरिका इस पूरे ऑपरेशन का खर्च उठा रहा है। वहीं पनामा के राष्ट्पति जोसे राउल मुलिनो, जो ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण को लेकर दी गई धमकियों के कारण राजनीतिक दबाव में हैं, ने पिछले गुरुवार को पहली डिपोर्टेशन फ्लाइट के आने की घोषणा की थी।

### अपने देशों को लौटने के लिए तैयार प्रवासी


रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 300 लोगों में से 171 प्रवासी अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मदद से अपने-अपने देशों को लौटने के लिए तैयार हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचआरसी) और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) बाकी 128 लोगों के लिए विकल्प की तलाश कर रहे हैं, ताकि वे किसी तीसरे देश में बस सकें। वहीं जो प्रवासी अपने देश वापस जाने के लिए तैयार नहीं हैं, उन्हें पनामा के दारिएन प्रांत के एक विशेष केंद्र में रखा जाएगा।

# ट्रंप पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला का आरोप, कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति विश्व के सम्राट बनना चाहते

**ब्रासलिया,20 फरवरी 2025।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति और नीयत की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। जहां कुछ देश ट्रंप के साथ खड़े हैं तो वहीं कुछ देश ट्रंप की नीतियों का विरोध कर रहें है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने ट्रंप पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप विश्व के सम्राट बनना चाहते हैं। उनको अन्य देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए।

एक इंटरव्यू में लूला दा सिल्वा ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का लोकतंत्र पिछले 70 वर्षों के सर्वश्रेष्ठ शासन का उदाहरण रहा है। लेकिन जिस तरह से ट्रंप काम कर रहे हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि वे दुनिया के सम्राट बनने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले गाजा पर कब्जे वाले बयान पर भी ब्राजील के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि फलस्तीनियों को कहां बसाया जाएगा? यह बात समझ से परे है। गाजा की देखभाल खुद फलस्तीनी लोगों को करनी चाहिए।





वहीं टैरिफ लगाने की धमकी पर भी लूला ने ट्रंप को चेतावनी दी थी। राष्ट्रपति लूला ने कहा कि ब्राजील अमेरिका के साथ पारस्परिक सम्मान के आधार पर संबंध चाहता है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि यदि अमेरिका ब्राजील के उत्पादों पर टैरिफ लगाएगा, तो हम भी वही करेंगे। लूला ने कहा कि ट्रंप को अमेरिका चलाने के लिए चुना गया है और उन्हें ब्राजील चलाने के लिए चुना गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ट्रंप ब्राजील का सम्मान करें।

पिछले महीने अमेरिका से निर्वासित किए ब्राजील के अप्रवासियों के साथ विमान में अपराधियों सा सलूक किया गया था। उनको विमान में न तो पानी मिला और न ही एसी चलाया गया। विमान में चार घंटे तक तमाम अप्रवासी सांस की समस्या से जूझते रहे थे। अप्रवासी जब ब्राजील पहुंचे तो उनके हाथों में हथकड़ी लगी थी। इस पर ब्राजील सरकार ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की थी। ब्राजील ने कहा था कि प्रवासियों के साथ किया गया यह बर्ताव मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। ब्राजील सरकार ने इस कृत्य के लिए ट्रंप प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही थी।

# दुकान बंद कर घर लौट रहे 30 वर्षीय युवक के साथ गाली गलौज कर मारपीट रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
**लखनपुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर झगेन तालाब के पास बुधवार की रात दुकान बंद कर घर लौट रहे युवक के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। वहीं पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी है मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी शिवबरन राजवाड़े पिता प्रेम राम राजवाडे उम्र 30 वर्ष ग्राम कोरजा घुमका पारा थाना लखनपुर निवासी जो 19 फरवरी दिन बुधवार की रात लगभग 9 बजे अपना दुकान बंद कर घर लौट रहा था। लगभग रात 10 बजे लगभग गणेशपुर झगेन तालाब



के पास पहुंचा और अपना मोटरसाइकिल खड़ा करके वह पेशाब कर रहा था। इस दौरान गणेशपुर के सुनील पिता कलेशरु 20 वर्ष , राजू पिता प्रभु 21 वर्ष वहां पहुंचे और कहने लगे इतनी रात में तुम यहां क्या कर रहे हो तुम चोरी करने आए हो कहकर शिव बरन रजवाडे को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट किया। जब प्रार्थी मोटरसाइकिल चालू करने लगा तो दोनों आरोपियों के द्वारा मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ किया गया।जिससे युवक के सर और दाहिने कान से खून निकलने लगा। उपचार के बाद प्रार्थी शिवबरन राजवाड़े 20 फरवरी दिन गुरुवार के दोपहर लगभग 12:30 बजे लखनपुर थाना पहुंचे रिपोर्ट दर्ज कराया लखनपुर पुलिस धारा 296 351 (2) 115(2) 324(2) 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



# भाजपा समर्थित दिव्या और पायल को मिला जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन प्रमाणपत्र

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

भाजपा समर्थित क्षेत्र क्रमांक 01 की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया तथा क्षेत्र क्रमांक 02 की प्रत्याशी श्रीमती पायल सिंह तोमर ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर नायक सर से जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन प्रमाणपत्र प्राप्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, लूँड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव,पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी तथा छत्तीसगढ़ युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय तोमर की उपस्थिति में निर्वाचन प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए दोनों महिला जिला पंचायत सदस्यों ने खुशी जताते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक एतिहासिक घटना बताया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में 7 जिला पंचायत क्षेत्रों में 6 महिलाएं जीतकर आई हैं जो कि अपने आप में एक रिकार्ड है। हम सब महिलाएं मिलकर आम जनता की सेवा में समर्पित होकर काम करेंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने दोनों प्रत्याशियों को बधाई देते हुए आम जनता का नगरीय निकाय के बाद पंचायत चुनाव में भी भाजपा पर विश्वास व समर्थन जताने के लिए सहृदय आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अरुणा सिंह, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, अजय प्रताप सिंह, विजय व्यापारी, हरविंद्र सिंह टीन्नी, चंदन शुक्ला, अनीस सिंह, अभिनंदन सिंह तथा प्रियंका चौबे सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म कारित करने के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही

- » थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले मे कार्यवाही करते हुए आरोपी कों किया गया गिरफ्तार
- » महिला सम्बन्धी अपराधों मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

प्रार्थिया दिनांक 14 जनवरी 25 कों थाना गांधीनगर आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया का जानपहचान फेसबुक के माध्यम से 04 वर्ष पूर्व आदर्शनगर सीतापुर निवासी दीपक पैकरा से हुआ था, जानपहचान बाद दीपक पैकरा प्रार्थिया कों शादी करने का झांसा देकर घटना दिनांक 19 अगस्त 21 कों प्रार्थिया के रूम मे आकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया एवं घटना दिनांक के पश्चात आरोपी लगातार प्रार्थिया कों शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करता हैं, और अब कुछ महीनों से आरोपी प्रार्थिया से शादी करने से मना कर रहा हैं, मामले मे प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 49/25 धारा रिपोर्ट पर धारा 366, 376(2)(ढ) भा.द.वि.के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा पीड़िता का कथन लेख कर घटनास्थल निरीक्षण किया गया एवं मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी दीपक पैकरा कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम दीपक पैकरा उम्र 27 वर्ष साकिन आदर्शनगर थाना सीतापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर पीड़िता कों शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण मामले मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, महिला आरक्षक तेजेश्वरी राजवाड़े, आरक्षक ऋषभ सिंह, जितेंद्र मिश्रा, घनश्याम देवांगन, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भजराज पासवान, अशोक यादव, मनीष सिंह सक्रिय रहे।

# अर्थशास्त्र की अतिथि व्याख्याता कामिनी सिंह का आकस्मिक निधन...महाविद्यालय में शोक की लहर

- संवाददाता -
**रामानुजगंज ,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय की अतिथि व्याख्याता कामिनी सिंह 33 वर्ष का बुधवार रात लगभग 8 बजे निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पूरे महाविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को महाविद्यालय में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई और कक्षाओं को बंद कर अवकाश घोषित कर दिया गया।

कामिनी सिंह ने 8 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में अर्थशास्त्र की सहायक अध्यापक के रूप में पदभार ग्रहण किया था। अपने सरल स्वभाव और कुशल अध्यापन के कारण वह छात्र-छात्राओं के बीच बेहद लोकप्रिय थीं। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्या रोज लिली बड़ा को फोन कर बताया कि






तबीयत ठीक नहीं लग रही है, इसलिए वह महाविद्यालय नहीं आ पाएंगी और अस्पताल जा रही हैं। दोपहर 1 बजे के आसपास उन्होंने दोबारा फोन कर बताया कि वह अस्पताल नहीं जा पा रही हैं। इसके बाद प्राचार्या, सहायक प्राध्यापक रमेश खरवार और अन्य सहयोगी उनके घर पहुंचे और उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां जांच में उनका रक्तचाप (बीपी) अत्यधिक कम पाया गया और इलाज शुरू किया गया। हालांकि, शाम करीब 8 बजे इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

गौरतलब है कि निधन से एक दिन पूर्व ही कामिनी सिंह ने महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उन्होंने प्रतियोगिताओं का नेतृत्व करते हुए पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया था। उनके इस आकस्मिक निधन से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को गहरा सदमा पहुंचा है। महाविद्यालय परिवार ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकसभा के उपरांत महाविद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया।

# नेशनल गेम्स मक्स नेटबॉल में खुशबु को मिला ब्राउंज मेडल

- संवाददाता -
**अंबिकापुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

38वीं नेशनल मिक्स नेटबॉल का आयोजन देहरादून उत्तराखंड में किया गया था। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने ब्रांउज मेडल जीता है। छत्तीसगढ़ की टीम में सरगुजा की बेटी खुशबु गुप्ता भी शामिल थी। जो खेल के दौरान बेहतर प्रदर्शन करते हुए ब्रांउज मेडल जीता है। खुशबु अंबिकापुर के गांधीनगर की रहने वाली है। मिक्स नेटबॉल का प्रशिक्षण कोच राजेश सिंह द्वारा बास्केटबॉल ग्राउंट गांधी स्टेडियम में दी जाती है। राजेश सिंह ने बताया कि खुशबु गुप्ता नेशनल




गेम्स में ब्रांउज मेडल जीतकर जिले के नाम रोशन करते हुए अपने बीते महीने में हुए स्वर्गवास पिता के सपनों को सकार कर दिखाया है।

# दुलदुला में 72 मतदान केंद्रों में मतदान हुआ संपन्न

## सुबह से ही मतदाता पूरे उत्साह के साथ कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए दिखे...वयोवृद्ध नागरिकों के साथ शिशुवती माताएं भी पहुंची मतदान करने...





-संवाददाता-
जशपुरनगर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत आज दूसरे चरण में जनपद पंचायत क्षेत्र कुनकुरी,दुलदुला,जशपुर और मनोरा के 403 मतदान केंद्रों में मतदान कराया गया। प्रशासन ने चुनाव के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था सहित प्राथमिक चिकित्सा,मतदाताओं की सुविधा के लिए वालिंटियर्स, छायादार विश्राम स्थल और पेयजल की व्यवस्था की गई है। मतदाता लोकतंत्र की इस पर्व में पूरे उत्साह और उम्मीद के साथ मतदान कर रहे हैं। दुलदुला में मतदान के लिए 72 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाता पूरे उत्साह के साथ अपने मतदान का महत्व को समझते हुए मतदान केंद्र खुलने से पूर्व ही कतार में खड़े थे। उन्हें मालूम है कि उनका वोट कितना महत्व रखता है उनके वोट से ही उसके क्षेत्र का विकास संभव है।




### वयोवृद्ध दंपति ने मतदान कर निभाया अपना कर्तव्य

जनपद पंचायत क्षेत्र दुलदुला के शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला खुंटीटोली में 87 वर्षीय करमू राम एवं उनकी धर्मपत्नी 85 वर्षीय पार्वती बाई एक साथ मतदान करने आए। उन्होंने मतदान के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी उम्र भले ही बढ़ गई हो,लेकिन चुनावों में अपने कर्तव्य समझते हुए मतदान अवश्य करते हैं। उन्होंने कहा की हर नागरिक को मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### चार सहेलियों ने पहली बार किया मतदान

मतदान के इस पर्व में चार सहेलियां रामेंश्वरी यादव, कुंती बाई, सविता बाई और मनीषा बाई ने सुबह-सुबह मिलकर एक साथ मतदान केंद्र की ओर रूख किया। चारों सहेलियों ने बताया कि हमने रास्ते में चलते हुए गांव के बड़े बुजुगों से भी मतदान के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं के बारे में पूछा। हमारे मन में अपने क्षेत्र के विकास को लेकर एक चिंता तो थी ही साथ में पहली बार मतदान को लेकर रोमांच भी था। लाइन में लगने के बाद जब मतदान की बारी आई तो केंद्र के अधिकारियों के निर्देशों पर चलकर हमने मतदान किया, जिसकी हमें बहुत खुशी है कि क्षेत्र के विकास में अब हम भी भागीदार बन गए हैं।

### शिशुवती अनुजा ने अपने नवनिहाल बालक के साथ किया मतदान

अपने मतदान को लेकर सजग श्रीमती अनुजा दास अपने ढाई माह के बच्चे के साथ मतदान करने पहुंची थी। सुबह घर का सारा काम निपटा कर अपने नन्हे से बालक को गोद में लेकर मतदान केंद्र में जाने समय उनके मन में अपने बच्चे को लेकर चिंता तो थी ही लेकिन जिम्मेदारी का अहसास भी था कि उनका एक मतदान क्षेत्र की रूपरेखा बदलने के साथ ही उनके बच्चे का आने वाला कल सुरक्षित बना सकता है।

### मतदान केंद्र में लोगों को मिली चिकित्सकीय सहायता

मतदान केंद्रों में प्रशासन के द्वारा चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई थी। जिसमें आपातकालीन चिकित्सा के साथ-साथ चिकित्सकीय जांच की भी सुविधा प्रदान की गई थी। दुलदुला के खुटीटोली मतदान केंद्र में आने वाले मरीजों के लिए आपातकालीन चिकित्सा के तहत उल्टी, डायरिया, बुखार, सर्दी-खांसी, पेट दर्द आदि की दवाइयों की व्यवस्था के साथ बीपी एवं शुगर की जांच भी की जा रही थी।

# जनपद पंचायत क्षेत्र कुनकुरी के 129 मतदान केंद्रों में मतदान हुआ संपन्न




### एक परिवार के तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान कर दिया जागरूकता का संदेश

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत आज दूसरे चरण में जनपद पंचायत क्षेत्र कुनकुरी, दुलदुला, जशपुर और मनोरा के 403 मतदान केंद्रों में मतदान कराया गया। प्रशासन द्वारा मतदान के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। दिव्यागों के लिए व्हील चेयर से लेकर प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए वालिंटियर्स, छायादार विश्राम स्थल और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। कुनकुरी में मतदान के लिए 129 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदाताओं का उत्साह इसी बात से समझा जा सकता है कि मतदान केंद्र खुलने के समय से पूर्व ही लोगों का मतदान केंद्र में पहुंचना प्रारम्भ हो गया था।

### एक परिवार के तीन पीढ़ियों ने किया मतदान

मतदान के इस पर्व में एक जागरूक परिवार के तीन पीढ़ियों ने एक साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडोरा में पहुंच कर मतदान किया और अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान के महत्व का लोगों को संदेश भी दिया। परिवार की मुखिया 75 वर्षीय मेटो बाई ने बताया कि आज उनकी बहू विमला बाई एवं उसके बेटे की बहू कमला बाई के साथ बेटे रामदेव राम एवं पोते अजय राम ने मिलकर मतदान किया। इस प्रकार उनके परिवार के कुल 8 लोगों ने मतदान किया। एक साथ तीन पीढ़ियों के द्वारा किया गया मतदान वहां मौजूद लोगों के लिए भी एक प्रेरणा का भी विषय बना।

### पुष्पराज ने बिना झुके पहली बार दिया अपना वोट

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रायकेरा में पहली बार मतदान करने आए कॉलेज में पढ़ने वाले पुष्पराज ने वोट देने के उपरांत फिल्म पुष्पा के किरदार के अंदाज में अभिनय करते हुए कहा कि ष्मैं झुकेगा नहीं और बिना डरे अपना वोट देकर अपनी जिम्मेदारी भी निभाएगा। इसी तरह कॉलेज में पढ़ने वाले सुभाष चंद्र यादव, बसंती बेसरा, सरिता बाई और मनीषा ने भी पहली बार मतदान किया। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की साथ ही कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का अहसास ही हमारे लिए बहुत अदभुत रहा, लगा जैसे पूरे क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी ही हमारे कंधों पर आ गयी हो।

### 82 वर्षीय दिव्यांग करमी बाई ने तकलीफों के बावजूद किया मतदान

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कण्डोरा में मतदान करने आई 82 वर्षीय दिव्यांग करमी बाई ने तकलीफों के बावजूद अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्हें इस उम्र में ठीक से सुनाई भी नहीं दे रहा था। फिर भी उनके चेहरे पर एक मुस्कान थी कि उन्होंने वोट देकर अपना कर्म पूरा किया है। उन्हें मतदान केंद्र में उनके 65 वर्षीय भतीजे रामलाल मतदान के लिए लाए थे। दोनों ने मतदान केंद्र की सुविधाओं की प्रशंसा की।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सोमेश सिंह लामा बने स्टेट चैंपियन

-संवाददाता-
सूरजपुर,20 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
रायगढ़ में चल रहे 23 वीं राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में लगातार 3 वर्ष भी सोमेश सिंह लामा ने अपना दबदबा कायम रखा। 40 वर्ष के आयु वर्ग में सोमेश सिंह लामा ने सिंगल्स में गोल्ड मिक्स डबल्स में गोल्ड एवं डबल्स में सिल्वर मेडल में अपना कब्जा जमाया । सिंगल्स में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल मैच में बिलासपुर के अमित कटालिया को 21-19, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई, सेमीफाइनल में रायगढ़ के




एल्बिनस लकड़ा को 21-15, 21-13 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई, फाइनल मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए सोमेश सिंह लामा ने कोरबा के ओम प्रकाश साहू को सीधे सेटो में 21-07, 21-15 हराकर तीसरी बार चौंपियन का खिताब अपने नाम किया एवं अब सोमेश सिंह लामा छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधत्व गोवा में होने वाले राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में करेंगे। इनकी उपलब्धि से सूरजपुर बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष श्री अनिल गोयल एवं सचिव श्री संदीप अग्रवाल जी ने बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।

# मतगणना के दौरान बैलेट बॉक्स लूटने की कोशिश,चुनाव कर्मियों से किया गया मारपीट

## पुलिस ने आरोपियों पर किया मामला दर्ज

-संवाददाता-
एमसीबी,20 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड खड़गवां थाना अंतर्गत ग्राम कटकोना में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान मतदान केंद्र में भारी हंगामे की घटना सामने आई है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी योगेश्वर सिंह पिता लालचन्द सिंह (32 वर्ष), निवासी ग्राम तामडांड, थाना बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छत्तीसगढ़) ने आरोपी राम सिंह, राम अधार, दिनेश वियार, आरत, शिवकुमार, भजन, और जगत सहित लगभग 100 लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 फरवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्र क्रमांक 26, अतिरिक्त भवन कटकोना में सैनिक भाल चन्द,पीठासीन अधिकारी मुकदेव राम भगत एवं मतदान दल के कर्मचारी चुनाव संपन्न कराने के लिए शांति




व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात थे। 17 फरवरी 2025 की शाम करीब 7:30 बजे जब मतदान दल मतगणना करा रहे थे, तभी अचानक बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। इसी दौरान आरोपियों ने मतदान कक्ष के पास पहुंचकर मां-बहन की अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। इसके बाद चार आरोपी मतदान केंद्र के अंदर घुस गए और बैलेट बॉक्स लूटने का प्रयास करने लगे। जब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने वनरक्षक योगेश्वर सिंह और सैनिक भाल चन्द के साथ मारपीट शुरू कर दी। मतदान केंद्र का दरवाजा तोड़ने के बाद आरोपियों ने बैलेट बॉक्स ले जाने का प्रयास किया। जब सुरक्षा बलों ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों ने पुलिस बल पर भी हमला कर दिया। बड़ी मुश्किल से पुलिस दल और चुनावकर्मियों ने अपनी जान बचाई। इस संबंध में प्रार्थी योगेश्वर सिंह की लिखित शिकायत के आधार पर थाना खडगवां में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 31/2025 के तहत धारा 191(2), 296, 351(2), 115, 132, 324 (3), 333, 62 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।



# जशपुर में बड़ा हादसा,पिकअप और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत

-संवाददाता-
जशपुर 20,फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
गम्हारिया स्कूल के पास एक ट्रक व फल लदे पिकअप की आमने-सामने जोड़दार भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों गाड़ी के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और घायल अवस्था में गाड़ी फंसे थे। एसडीओपी जशपुर चन्द्रशेखर परमा, स्वयं घटना स्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को निकाला और अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर जशपुर एसडीओपी चंद्रशेखर परमा तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, व घायल ट्रक चालक को हॉस्पिटल पहुंचवाया। पिकअप वाहन का चालक गंभीर अवस्था में पिकअप में फंसा था, जिसे पुलिस की टीम व उपस्थित लोगों के सहयोग से गैस कटर से गाड़ी के दरवाजे को काटकर, चालक को निकाला गया तथा तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के द्वारा ट्रैफिक क्लियर कराया जा रहा है। दोनों घायल वाहन चालकों को सकुशल बाहर निकलकर यथा शीघ्र ईलाज हेतु हॉस्पिटल पहुंचाने में एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, सहायक उप निरीक्षक श्री चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, आरक्षक रवि, यातायात पुलिस के स्टॉफ व हाइवे पेट्रोलिंग टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# द्वितीय चरण के मतदान के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों दौरा



-संवाददाता-
सूरजपुर,20 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।
आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत द्वितीय चरण के मतदान कार्यक्रम के तहत प्रेमनगर और रामानुजनगर विकासखंड क्षेत्र में मतदान किया जा रहा है। इस दौरान मतदान की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने दोनों विकासखंड का द्वारा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया एवम दोनों विकासखंड के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करवाने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम रामानुजनगर श्री अजय मोरियम सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।



कलेक्टर एवम एसपी ने अपने दौरे में मतदान केंद्र क्रमांक 72, पूर्व माध्यमिक शाला कंचनपुर , ग्राम पंचायत फुलकोना के प्रा शाला स्कूल मतदान क्रमांक 71, ब्रह्मपुर प्राथमिक शाला मतदान केंद्र 69 का दौरा किया। इस दौरान मतदान केंद्र में उन्होंने वरिष्ठ मतदाता सहित लाइन में लगे मतदाताओं से बातचीत किया। इसके अलावा उन्होंने उक्त विकासखंड के पंचवटी, छींदिया, नारायणपुर एवम भुवनेश्वरपुर के मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण कर मतदान प्रगति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । उन्होंने मतदान समाप्ति समय 03 बजे के पश्चात व्यवस्था अनुरूप लाइन में लगे लोगों टोकन बांटने एवम मुख्यद्वार बंद करने के निर्देश दिए। साथ सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को कहा। इसके अलावा पुलिस पेट्रोलिंग टीम को भी शांति बनाए रखने के लिए अलर्टमोड में पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

CMYK

# पूंजीपतियों के सामने एक ईमानदार पत्रकार जीतेगा लोगों का दिल...

# क्या वह जीत सकेगा जनपद चुनाव ?



**प्रत्याशी मतदाताओं के विकास व सुख दुख की गारंटी नहीं दे रहे हैं वह तो मतदाताओं को खरीद रहे हैं...ऐसे चुनाव में कहां है चुनाव आयोग ?**

**कोरिया जिले के हाई प्रोफाइल जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 22 में क्या हो रहा है किसी से छुपा नहीं है**

**विधानसभा व लोकसभा की तर्ज पर प्रत्याशी लड़ रहे हैं चुनाव और उसी तर्ज पर कर रहे हैं पैसे खर्च**

**जीतने के बाद ठेका प्रथा होगी हावी प्रत्याशी...प्रत्याशी नहीं ठेकेदार माने जा रहे हैं**

**ठेका प्रथा खत्म करने के लिए पत्रकार स्वयं प्रत्याशी बन उतरे मैदान में...ठेकेदारी नहीं सिर्फ विकास की कर रहे हैं बात**







-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर/पोड़ी बचरा 20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर के क्षेत्र क्रमांक 22 का चुनाव काफी हाई प्रोफाइल चुनाव हो चुका है, इस क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य के लिए हो रहे चुनाव में कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं और उनमें एक जहां पत्रकार हैं और वह लोगों से क्षेत्र के यह वादा कर रहे हैं कि वह वह यदि जनता का समर्थन क्षेत्र के पा सके तो वह विकास का प्रयास करेंगे क्षेत्र के ग्रामीणों के उत्थान का प्रयास करेंगे उनके दुख के साथी बनेंगे वह क्षेत्र में खुद ठेकेदारी नहीं करेंगे, वहीं 6 में से ही अन्य दो पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं और वह विधानसभा या लोकसभा की तर्ज पर जनपद पंचायत क्षेत्र का चुनाव लड़ रहे हैं और अपने पूंजी का दंभ भी जता रहे हैं क्षेत्र में। अब जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 22 की जनता किसे चुनती है यह तो उनका निर्णय होगा लेकिन वह पहली बार अपने बीच एक ऐसे पत्रकार को चुनाव लड़ते हुए पा रहे हैं जो जनता के मुद्दों को भ्रष्टाचार के मुद्दों को लगातार उठाता रहा है और कई बार पूंजीपतियों से उसे धमकियां भी मिल चुकी हैं। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 22 में दो पूंजीपति उम्मीदवार क्या कर रहे हैं कैसे वह पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं चुनाव जीतने के लिए यह किसी से छिपा नहीं है सभी देख रहे हैं और चुनाव आयोग भी क्यों मौन है यह बात समझ से परे है?

वैसे अब चुनाव का समय नजदीक है बिल्कुल और मतदान को केवल दो दिन बचे हैं और पूंजीपति उम्मीदवारों ने काफी कुछ बांट लिया है प्रलोभन स्वरुप फिर भी यदि चुनाव आयोग चाहेगा अंतिम दो दिन में कुछ रोक लगाकर कुछ प्रलोभन बंटने से रोक सकेगा लेकिन यह विषय मंशा की है। वैसे दो प्रत्याशी क्षेत्र में ऐसे पूंजीपति हैं और वह पूंजीपतियों की तरह इस तर्ज पर चुनाव में पैसा बहा रहे हैं जैसे वह आज निवेश कर रहे हैं और वह कल चुनाव यदि जीत सके तो वसूली क्षेत्र से करेंगे,दोनों ठेकेदारी करने की मंशा से क्षेत्र में भविष्य में चुनाव लड़ रहे हैं और वह जीतकर क्षेत्र का शोषण ही करने वाले हैं यह उनकी मंशा समझ में भी आ रही है।वहीं पत्रकार जो प्रत्याशी है वह ठेकप्रथा राजनीति से खत्म करने की कसम के साथ चुनावी मैदान में है। वैसे पत्रकार की मैदान में चुनावी मौजूदगी से सभी अन्य प्रत्याशी सहमे हुए हैं खासकर दो पूंजीपति जो प्रत्याशी बतौर चुनावी मैदान में हैं वह डरे हुए हैं कि कहीं जनता यदि ईमानदार छवि वाले पत्रकार के वादों के साथ चली गई उनकी वर्षों की क्षेत्र में चल रही ठेकेदारी भी बंद हो जाएगी और क्षेत्र में ईमानदारी की बात करने वाला और भ्रष्टाचार की पोल खोलने वाला राजनीति में प्रवेश कर जाएगा और वह उनके पिछले भी कई पोल खोल देगा। क्षेत्र क्रमांक 22 जनपद पंचायत बैकुंठपुर का चुनाव अब परिणाम जो लेकर आए लेकिन पहली बार कहीं ईमानदारी और ठेकेदारी प्रथा बंद होने किए जाने की बात हो रही है वह भी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वरना ठेकेदारी ही पंचायत चुनावों में जीतने का उद्देश्य रहा है चलता आया है।

## जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 22 में उम्मीदवार है एक पत्रकार भी,जनता को दुख का सहभागी बनने और ठेकेदारी न करने की दे रहा शपथ

बैकुंठपुर के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 22 से एक पत्रकार भी जनपद सदस्य बनने चुनावी मैदान में उम्मीदवार है। वह जनता से उनके सुख में नहीं उनके दुख में सहभागी बनने की बात कह रहे हैं वादा कर रहे हैं।वह जनता से क्षेत्र के यह भी वादा कर रहे हैं कि वह क्षेत्र में जनपद सदस्य बनकर ठेकदार बनने वाली प्रथा भी बंद कर देंगे और वह साफ सुथरा जनपद क्षेत्र बनाकर रहेंगे ।पत्रकार जो आज तक बुराई और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता था वह जब प्रत्याशी बनकर चुनाव में वादा कर रहा है भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहा है लोगों को भी क्षेत्र के उसके ऊपर विश्वास हो रहा है और उसे लोग समर्थन देने की बात कह रहे हैं, वैसे उसे समर्थन कितना मिलता है यह तो 23 फरवरी को परिणाम उपरान्त ही स्पष्ट होगा, फिलहाल पत्रकार अपने नए तरीके और नए तरह के वादों के साथ चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहा है।

## दो पूंजीपति से है पत्रकार की टक्कर जो हैं क्षेत्र के बड़े ठेकेदार,जीतकर करेंगे ठेकेदारी क्षेत्र में

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 22 से दो पूंजीपति ठेकेदार भी चुनावी मैदान में प्रत्याशी हैं जो पैसा पानी की तरह बहा रहे हैं चुनाव में। वह किसी हाल में चुनाव जीतना चाहते हैं और इसके लिए वह पैसे का मोह नहीं देख रहे हैं।वह चुनाव जीतकर ठेकेदारी ही करने वाले हैं यदि चुनाव जीत गए तो यह उनकी मंशा उनके पैसे खर्च करने की तत्परता से समझ में आ रहा है। अब जनपद सदस्य जनता पूंजीपति ठेकदारों को चुनती है या एक बार वह निष्पक्ष समाचार प्रकाशित कर भ्रष्टाचार मिटाने वाले पत्रकार प्रत्याशी पर भरोसा करती है यह देखने वाली बात होगी।

# रोटरी क्लब कोरबा द्वारा 22 मार्च 25 को कोरबा जैन भवन मे बैट्री संचालित 50 हाथों का किया जाएगा निःशुल्क वितरण

**रोटरी क्लब ऑफ कोरबा गत 50 दशकों से लगातार कोरबा में समाजसेवा के कार्य करता आ रहा है**




-संवाददाता-
**कोरबा,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

पिछले 2-3 वर्षों से विकलांगता के क्षेत्र में रोटरी क्लब कोरबा में विशेष रूप कार्य कर रहा है। 2 वर्ष पूर्व कृत्रिम अंग का वितरण किया गया था, जिसमें जरूरतमंदों को 100 हाथ और 100 पैर लगाए गए थे। लाभार्थी पूरे भारतवर्ष से आए और वह व्यक्ति जो कई वर्षो से नहीं चला था उसे भी पैर लगा कर चलाया गया, जिससे उसकी खुशी देखते ही बनती थी। इसके बाद दिव्यांगों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमे 11 जोड़ों को पूरे समारोह और वैदिक पद्धतियों से परिणय सूत्र में बांधा गया। अब 22 मार्च 2025 को फिर से 50 हाथों का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। ये हाथ पहले लगाये गए हाथ से विकसित हैं और इनका निर्माण भारत वर्ष में हो रहा है। पहले वाले हाथ मैकेनिकल थे जबकि ये हाथ बैटरी संचालित हाथ हैं, जिससे इस हाथ की उपयोगिता और बढ़ जाती है इसे इनाली कंपनी बना रही है जो की गुजरात बेस्ड कंपनी है। इस हाथ की विशेषता यह है कि यह वजन में हल्का है, प्राकृतिक हाथ जैसा ही दिखता है और इससे रोजमर्रा के काम आसानी से किये जा सकते हैं। इसे निकलना और लगाना अत्यंत आसान है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री शरद सेठ ने पत्रकारों को बताया कि इस कैम्प का आयोजन पुराना बस स्टैंड में जैन भवन में किया जाएगा। कैम्प के लिए मरीजों के पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं, जिसमें पारस जैन, संजय अग्रवाल, और नितिन चतुर्वेदी रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। इनके मोबाइल नम्बर 9713100080,7000287575 एवं 7000217127 में कॉल करके अपना पंजीयन करवा सकते हैं। जिसके लिए आपको आपका आधार कार्ड और अपनी फोटो जिसमे आपका कटा हुआ हाथ स्पष्ट दिख रहा हो भेजना होगा। यह पूरी तरह मुफ्त सेवा है। उन्होंने बताया के यदि आपके हाथ कोहनी से उपर कटे हुए हैं तो आपको यह हाथ नहीं लग सकता है। इस हाथ के लिए कोहनी के बाद कम से कम 4 इंच का हाथ होना चाहिए तभी इसे लगाया जा सकेगा। प्रेस कांफ्रेंस में शरद शेठ जामनगर गुजरात से पहुंचे जोकि कई वर्षो से इस कार्य से जुड़े हुए हैं और लगातार पूरे भारत वर्ष में इस पावन कार्य को अंजाम दे रहे हैं। ज्ञात हो की रोटरी के सभी सदस्यों के साथ कोरबा रोटरी के अध्यक्ष मुकेश जैन और सचिव धर्मेंद्र जैन एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय बुधिया इस पावन कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने में लगे हुए हैं। रोटरी क्लब कोरबा ने सभी सामाजिक संगठनों, समाज सेवकों और प्रतिष्ठित लोगों से अपील की है की इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं इस शिविर के बारे मे लोगों को अधिक से अधिक बताए जिससे जरूरत मंदो को इसका लाभ मिल सके।



## बीमारी को दरकिनार कर पार्वती पहुंची मतदान केंद्र

**बेहतर लोकतंत्र के निर्माण में दिया अपना योगदान**

-संवाददाता-
**बलरामपुर,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

लोकतंत्र के पर्व में सभी लोगों ने अपनी सहभागिता दिखाई। वोट की अहमियत समझने वाले मतदाता बीमार होने के बावजूद वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे। जहां बीमारी से जूझ रही विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत सुर्रा की निवासी श्रीमती पार्वती ने भी अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान किया। श्रीमती पार्वती ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है, जिसमें हम अपने पसंद के प्रतिनिधि को चुनते हैं। मैं वोट डाल कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मैं लोगों को संदेश देना चाहती हूं कि यदि मैं बीमार अवस्था में मत देने जा सकती हूं तो स्वस्थ लोगों को भी अपने मत का प्रयोग अवश्य कर बेहतर एवं सुव्यवस्थित लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म भुलाबे झन मया ल आज से सिनेमाघरों में




-संवाददाता-
**कोरबा,20 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ी सिनेमा की नई पेशकश, भुलाबे झन मया ल 21 फरवरी से बड़े पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ की पवित्र परंपराओं, पारिवारिक मूल्यों और संघर्षों की ऐसी कहानी है, जो हर दर्शक के दिल को छू जाएगी। प्रेसवार्ता के दौरान फिल्म के निर्देशक क्रांति शर्मा ने पत्रकारों को बताया के, यह कहानी एक ग्रामीण लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने साहस और मेहनत के बल पर हर चुनौती का सामना करती है। परिवार और समाज की बाधाओं के बावजूद वह अपने जीवन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है और अपने गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है। यह फिल्म न केवल मनोरंजन का पिटारा है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक मूल्यों का एक गहरा संदेश भी देती है, साथ ही फिल्म हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की खुशबू बड़े पर्दे पर जीवंत करती है। फिल्म में छत्तीसगढ़ की परंपराओं और रीति-रिवाजों को बेहद खूबसूरती से चित्रित किया गया है। यह सिनेमा अपने क्षेत्रीय संदर्भ को इतने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है कि दर्शक इससे गहराई से जुड़ जाएंगे। इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार रामेश्वरी पटनायक, पारितोष सिंह बघेल, पुष्पा सांडिल्य, नरेंद्र काबरा, विनय अम्बष्ट, दीपा महंत, पहेली चौहान, बबली महंत, पुष्पा रोज, सौम्या मानिकपुरी, सूरज श्रीवास, ओम साहू, घनश्याम श्रीवास, तरुण बघेल, भानुमति, मनोहर लाल, जितेंद्र वर्मा, नागेश ठाकुर, ऋषभ, पुरुषोत्तम कश्यप, सीमा तिवारी, भरत लाल राठौर, धरम साहू, लक्ष्मण दास महंत, शिव शंकर कटकवार, अनुरुद्ध चंद्र, कृष्ण कुमार चंद्रा ने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। फ़िल्म के निर्माता पुरुसोत्तम कश्यप, गीत संगीत:- सोनादास, राघवेंद्र वैष्णव, लक्ष्मी करियारे, कैमरा :रविनारायण बेहरा।स्वर: सुनील सोनी, चंपा निषाद, ज्योति कंवर, अश्वनी, संपादन मुकेश स्वर्णकार, कोरियोग्राफी: दिलीप बैश कथा, पटकथा और निर्देशन क्रांति शर्मा,फिल्म प्रचार पीपुल्स मीडिया समूह।

CMYK

# चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया का धमाकेदार आगाज

## गिल के शतक से बांग्लादेश को दी पटखनी




**दुबई,20 फरवरी 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार आगाज किया है। टीम इंडिया ने दुबई में खेले गए मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से धूल चटाई और चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत से अपने अभियान का आगाज किया। भारत की इस जीत में युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का अहम योगदान रहा। गिल ने कमाल की पारी खेली और लगातार दूसरे वनडे मैच में भारत के लिए शतक जड़ने का बड़ा कारनामा किया। गिल ने अपने वनडे करियर का 8वां शतक जड़ा। उन्होंने 9 चौके और 2 छक्कों की बदौलत 125 गेंदों पर अपना सैकड़ा पूरा किया। इससे पहले गिल के बल्ले से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मैच में भी शतक आया था।

### गेंदबाजी में शमी ने किया कमाल


मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम का आगाज बेहद निराशाजनक रहा। टीम के 5 बल्लेबाज सिर्फ 35 रन के भीतर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जेकर अली और तौहीद हृदोय के बीच छठे विकेट के लिए 154 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी हुई, जिसकी बदौलत बांग्लादेश की टीम 228 रन बनाने में कामयाब रही। जेकर अली ने 68 रनों की पारी खेली। वहीं, तौहीद हृदोय ने 100 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 5 बल्लेबाजों का शिकार किया और वनडे में सबसे कम गेंदों पर 200 विकेट पूरे करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मिचेल स्टार्क का सबसे कम गेंदों पर 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

### गिल शतक बनाकर लौटे नाबाद

बांग्लादेश के 228 रनों के जवाब में भारत का आगाज बेहतरीन रहा। टीम इंडिया ने 10 ओवर में 1 विकेट खोकर 69 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। रोहित शर्मा 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर आए विराट कोहली, जो सिर्फ 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मिडिल ऑर्डर में श्रेयस अय्यर (15) और अक्षर पटेल (8) भी कुछ खास नहीं कर सके और सस्ते में आउट हो गए। इस दौरान गिल दूसरे छोर पर डटे रहे और फिर केएल राहुल के साथ मिलकर 87 रनों की पार्टनरशिप करते हुए टीम इंडिया को जीत दिला दी। केएल राहुल ने नाबाद 41 रनों की पारी खेली। केएल ने अपनी पारी में 1 चौका और 2 छक्के जड़े। गिल 129 गेंदों पर 101 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस जीत से टीम इंडिया के खाते में 2 अंक हो गए हैं। अब टीम इंडिया अपने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। ये मैच दुबई में 23 फरवरी को खेला जाएगा।


## संक्षिप्त खेल खबर

### भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ मैचों में निरंतरता बनाए रखना चाहती है:हरमनप्रीत




**भुवनेश्वर,20 फरवरी 2025।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अपने अगले मैचों में आयरलैंड से भिड़ने के लिए तैयारियों में निरंतरता बनाए रखने का लक्ष्य रखेगी, कप्तान हरमनप्रीत ने जोर देकर कहा कि हर मैच महत्वपूर्ण है, और टीम पिछली जीत की लय को जारी रखना चाहेगी। अपने अभियान की मिली-जुली शुरुआत के बाद, भारत आगामी मैचों में ठोस प्रदर्शन के साथ गति बनाने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहा है। मेजबान टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत स्पेन के खिलाफ 3-1 से हार के साथ की, लेकिन दूसरे गेम में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-0 की शानदार जीत के साथ जल्दी ही वापसी की।हालांकि, जीत की उनकी तलाश तब थम गई जब उन्हें अपने तीसरे मैच में जर्मनी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। चौथे मैच में भारत ने वापसी की और कप्तान हरमनप्रीत और उप कप्तान हार्दिक सिंह की वापसी की बदौलत जर्मनी पर 1-0 से जीत हासिल की।

### एमबापे की हैट्रिक ने रियल मैड्रिड को अंतिम-16 में पहुंचाया



**मैड्रिड,20 फरवरी 2025।** किलियन एमबापे की हैट्रिक की बदौलत रियल मैड्रिड ने गुरुवार (आईएसटी) को सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी पर 3-1 से जीत दर्ज करके यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में 3-2 से मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड ने 6-3 से जीत दर्ज की।सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिटी के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड घुटने की चोट से जूझ रहे थे और एक सप्ताह पहले दो गोल करने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी ने खेल की शुरुआत सब्सटीट्यूट बेंच पर की, क्योंकि उनकी टीम शुरू से अंत तक संघर्ष करती रही, डिफेंस में फिर से कमजोर दिखी, जबकि खेल खत्म होने तक अटैक में कुछ भी करने में विफल रही।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम में हो सकता है बड़ा बदलाव

### » भारत के सबसे बड़े दुश्मन की छुट्टी

**मुलतान,20 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी शुरू हुई और पाकिस्तानी क्रिकेट टीम संकट से घिर गई। अभी तो केवल एक ही मैच हुआ है। लीग चरण के दो मैच बाकी हैं, लेकिन पाकिस्तानी टीम में बदलाव की खबर सामने आनी शुरू हो गई है। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अभी 23 फरवरी को ही टीम इंडिया के खिलाफ मुकाबला खेलना है, लेकिन जो खबरें आ रही हैं, वो कतई अच्छी नहीं हैं। खास बात ये है कि टीम इंडिया का सबसे बड़ा दुश्मन मैच से पहले ही बाहर हो सकता है।




### चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं फखर जमां

पाकिस्तान क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड से चैंपियंस ट्रॉफी का पहला ही मैच हार चुकी है। पाकिस्तान को 60 रनों की बड़ी हार मिली है। इसी मुकाबले के पहले ही ओवर में पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमां चोटिल हो गए थे। उन्होंने पूरी पारी में फील्डिंग नहीं की और जब पाकिस्तान की बल्लेबाजी आई तो वे नंबर चार पर उतरे। लेकिन उस दौरान वे दर्द में थे, शायद यही वजह रही कि वे ज्यादा रन भी नहीं बना सके। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा है कि फखर जमां की स्कैन की रिपोर्ट अभी नहीं आई है, जब रिपोर्ट आएगी, उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

### टीम के साथ दुबई के लिए रवाना नहीं हुए हैं फखर

इस बीच खबर ये है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम 23 फरवरी को टीम इंडिया से मुकाबले के लिए कराची से दुबई के लिए निकल गई है। लेकिन इस टीम के साथ फखर जमां नहीं गए हैं। वे अकेले ऐसे खिलाड़ी हैं, जो स्क्वाड में हैं, फिर भी दुबई नहीं गए हैं। हालांकि अभी 23 फरवरी में दो दिन का समय बाकी है, वे पहुंच सकते हैं, लेकिन माना जा रहा है कि जब तक फखर की रिपोर्ट नहीं आ जाएगी, वे दुबई नहीं जाएंगे। अब खबरें इस तरह की आ रही हैं कि हो सकता है कि फखर जमां पूरी चैंपियंस ट्रॉफी मिस कर जाएं। अगर ऐसा हुआ तो आईसीसी की परमीशन के बाद उनके रिप्लेसमेंट का भी ऐलान कर दिया जाएगा।

### इमाम उल की हो सकती है पाकिस्तानी टीम में वापसी

अभी रिप्लेसमेंट के तौर पर जो नाम सबसे आगे चल रहा है, वो इमाम उल हक का है। इमाम उल हक सलामी बल्लेबाज हैं, लेकिन पिछले कुछ वक्त से वे टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच साल 2023 के अक्टूबर में खेला था। हालांकि पाकिस्तान के लिए वे घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं और उनके बल्ले से रन भी आ रहे हैं। पाकिस्तान के लिए 72 वनडे मैच खेलने वाले इमाम उल हक 3138 रन बना चुके हैं। उनके नाम इस फॉर्मेट में 9 शतक और 20 अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि टीम में वापसी से पहले उन्हें फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा, इसके बाद ही उनके नाम का ऐलान किया जाएगा।

### फखर जमां का बाहर होना टीम इंडिया के लिए फायदेमंद

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले में क्या होगा, ये तो कहना अभी मुश्किल है, लेकिन फखर जमां का बाहर होना टीम इंडिया के लिए अच्छी बात हो सकती है। जब साल 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने हुई थी, तब फखर जमां ही वो बल्लेबाज थे, जो मैच भारत की पकड़ से दूर ले गए थे। भारत के स्पीड स्टार जसप्रीत बुमराह ने उन्हें शुरुआत में ही आउट कर दिया था, लेकिन वो नो बॉल हो गई। इसके बाद फखर ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और शानदार शतक लगा दिया था। उन्होंने 106 बॉल पर 114 रन ठोक दिए थे। तब से वे भारत के सबसे बड़े दुश्मनों में से एक गिने जाते हैं।




## अफगानिस्तान को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी अफ्रीकी टीम

**कराची,20 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का तीसरा मुकाबला अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। ये मुकाबला कराची के नेशनल स्टेडियम में होगा। दोनों ही टीमों के लिए यह इस टूर्नामेंट का पहला मैच होगा। पिछले कुछ सालों में अफगानिस्तान की टीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और यही वजह है कि, उनकी टीम इस चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही। अफ्रीकी टीम की बात करें तो वनडे फॉर्मेट में उनका हालिया रिकॉर्ड उतना अच्छा नहीं रहा है। अगर दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच बीच इस फॉर्मेट में कुल पांच मैच खेले गए हैं, जिसमें से तीन में अफ्रीकी टीम को जीत मिली है वहीं दो में अफगनिस्तान ने बाजी मारी है। वहीं पिछले तीन मैचों में से दो में अफगानिस्तान ने बाजी मारी है। ऐसे में हालिया मुक़ाबलों में अफगानिस्तान के खिलाफ साउथ अफ्रीका का रिकॉर्ड उतना अच्छा नहीं रहा है और इन आंकड़ों देखने के बाद अफ्रीकी टीम भी अफगानिस्तान को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी।


## अपने रनों के लिए नहीं खेलना चाहिए

### बाबर आजम की स्लो बैटिंग पर बोले चेतेश्वर पुजारा

**नईदिल्ली,20 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों एक करारी हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम के खिलाफ खेले गए इस मैच में बाबर आजम ने 64 रन की पारी खेली, लेकिन उनकी ये पारी 90 गेंदों पर आई। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच भारतीय दिग्गज चेतेश्वर पुजारा ने भी बाबर की बैटिंग पर प्रतिक्रिया दी है।



भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने स्टार स्पोर्ट्स के शो में बाबर आजम की स्लो बैटिंग पर बात की। असल में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में बाबर ओपनिंग करने आए। उन्होंने 90 गेंदों का सामना किया, जिसमें 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से 64 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 71.11 रनों का ही रहा। चेतेश्वर पुजारा ने बाबर आजम को लेकर कहा, स्पिनर्स के खिलाफ बाबर आजम का फुटवर्क बिल्कुल अच्छा नहीं था। उसने कोई स्वीप शॉट या पैडल स्वीप खेलने की कोशिश नहीं की. आज कल रिवर्स स्वीप भी स्पिनर की लंबाई को बिगाडने् का एक ऑप्शन है। उसे देखकर ऐसा लगता है कि उस पर मेंटल प्रेशर बन गया है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम की पारी के बाद पुजारा का कहना है कि बल्लेबाजों को टीम के लिए खेलना चाहिए,अपने पर्सनल रनों के लिए नहीं।




## गुजरात टाइटंस कप्तान शुभमन गिल को नहीं बल्कि राशिद खान को दे रही है सबसे ज्यादा सैलरी

**नईदिल्ली,20 फरवरी 2025।** आईपीएल 2025 ने नीलामी से एक मजबूत टीम तैयार की है, जो उन्हें अपकमिंग सीजन में दूसरा टाइटल जिताने की काबिलियत रखती है। गुजरात टाइटंस ने अपने कप्तान शुभमन गिल को रिटेन किया लेकिन, क्या आपको पता है कि भारतीय क्रिकेट के स्टार और इस टीम के कप्तान गिल जीटी की ओर से सबसे अधिक सैलरी पाने वाले क्रिकेटर नहीं हैं बल्कि एक विदेशी खिलाड़ी को टीम सबसे ज्यादा सैलरी देती है।

## रोहित शर्मा के कारण हैट्रिक से चूके अक्षर पटेल

### कप्तान ने हाथ जोड़कर माफी मांगी

**दुबई,20 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा मुकाबला भारत और बांग्लादेश के बीच दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में अभी तक भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। लेकिन इस मैच में स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल हैट्रिक लेने से चूक गए। इस मैच में पहली पारी में अक्षर पटेल ने 9वें ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट ले लिए थे और तीसरी गेंद पर उनकी गेंद पर जाकर अली ने जो शॉट खेला वो स्लिप में चली गई वहां खड़े भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से उनका कैच छूट गया। इसके साथ ही अक्षर पटेल चैंपियंस ट्रॉफी में अपना हैट्रिक पूरा करने से रह गए।




# तारा सुतारिया के साथ टाइम पास करते थे अदार जैन

## अलेखा आडवाणी से शादी के बीच एक्ट्रेस पर किया कपूर खानदान के लड़ने से भद्दा कमेंट?

रणबीर कपूर और करीना कपूर खान की बुआ रीमा जैन के छोटे बेटे अदार जैन अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड अलेखा आडवाणी से शादी करने जा रहे हैं। दोनों गुरुवार को हिंदू रीति-रिवाजों से शादी करने जा रहे हैं। उनकी शादी से पहले की रस्में धूमधाम से चल रही हैं। आपको बता दें कि कल शाम यानी 19 फरवरी को अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने सितारों से सजी मेहंदी सेरेमनी का आयोजन किया। इस मौके पर करीना-करिश्मा से लेकर रणबीर-आलिया तक पूरा कपूर परिवार और दोस्त नजर आए।

हालांकि, मेहंदी सेरेमनी से सामने आए एक इनसाइड वीडियो में अदार अलेखा के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में बात करते नजर आए। उन्होंने माना कि अलेखा के सामने अपनी फीलिंग्स जाहिर करने से पहले वह टाइम पास रिलेशनशिप में थे। इससे लोगों को गुस्सा आ गया क्योंकि अलेखा से पहले वह बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया को डेट कर रहे थे।

### आदर जैन ने क्या कहा?

आदर जैन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें वे अलेखा के प्रति अपने प्यार का इजहार करते नजर आ रहे हैं। जैन ने वीडियो में कहा मैंने हमेशा उससे प्यार किया है और मैं हमेशा उसके साथ रहना चाहता था। इसलिए उसने मुझे टाइम-पास के जरिए 20 साल के इस लंबे सफर पर भेजा। यह इंतजार सार्थक था क्योंकि मुझे इस खूबसूरत, सुंदर महिला से शादी करने का मौका मिला जो एक सपने की तरह दिखती थी। मैं तुमसे प्यार करता हूं, और यह इंतजार सार्थक था। यह एक रहस्य है, मैंने हमेशा उससे प्यार किया है...मैंने अपने जीवन के चार साल टाइम पास में बिताए हैं। लेकिन अब मैं तुम्हारे साथ हूं,बेबी।



### सोशल मीडिया यूजर्स ने की प्रतिक्रिया

आदर के भाषण पर इंटरनेट पर यूजर्स की प्रतिक्रियाओं की भरमार है। जहां कई लोगों ने उनके बयान को बेहद ईमानदार पाया, वहीं कुछ लोग इसे टाइम पास कहने से हैरान थे और अन्य लोगों को बॉलीवुड अभिनेता के लिए बुरा लगा। एक यूजर ने लिखा, इसका मतलब था कि तारा सुतारिया एक टाइम पास थीं वाह। दूसरे ने लिखा, मुझे उनके लिए दुख हो रहा है। कितनी असंवेदनशील टिप्पणी है।

### अदार जैन और अलेखा आडवाणी की पहले भी हो चुकी है शादी

आपको बता दें कि इससे पहले अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने 12 जनवरी 2025 को गोवा में शादी की थी। अलेखा और अदार की शादी की कई तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। अदार ने शादी के लिए ग्रे सूट चुना था, वहीं अलेखा आडवाणी व्हाइट ऑफ शोल्डर गाउन में बेहद खूबसूरत दिख रही थीं और उन्होंने मैचिंग नेकलेस और ईयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया था।

### अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने साल 2023 में एक-दूसरे को प्रपोज किया

अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने नवंबर 2023 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था, जब उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की थी और उन्हें अपने जीवन की रोशनी बताया था। इससे पहले वे करीना और सैफ अली खान द्वारा आयोजित दिवाली समारोह में एक साथ देखे गए थे। अलेखा ने 2023 में करीना की पार्टी में अदार के साथ अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज कराई।

अनजान लोगों के लिए बता दें कि अलेखा वेल की संस्थापक हैं जो वेलनेस इवेंट, वर्कशॉप और इंटरेक्टिव सेशन आयोजित करती हैं।

### अदार और तारा सुतारिया का रिश्ता

अलेखा आडवाणी से पहले अदार जैन तारा सुतारिया को डेट कर रहे थे। वे 2018 में करण जौहर की दिवाली पार्टी में मिले थे और 2020 में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने रिश्ते को आधिकारिक बना दिया। तारा को अक्सर कपूर परिवार के साथ लंच करते देखा जाता था और कथित तौर पर दोनों के बीच रिश्ता बहुत मजबूत था और वे सगाई करने की योजना बना रहे थे लेकिन किसी कारण से उनका रिश्ता लंबे समय तक नहीं चला। इसके बाद अदार ने अलेखा को डेट करना शुरू कर दिया, जो तारा की भी करीबी दोस्त थीं।



## बॉर्डर 2 से वरुण धवन-सनी देओल की नई झलक

सनी देओल एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर गदर मचाने के लिए तैयार हैं। साल 2023 में गदर 2 से सनी देओल ने बॉक्स ऑफिस हिला डाला था। अब सनी देओल अपनी 27 साल पुरानी फिल्म बॉर्डर के सीक्वल से फिर से धमाल मचाने आ रहे हैं। सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉर्डर 2 अगले साल रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। सनी देओल ने झांसी में हुई फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग से तस्वीरें शेयर की हैं। सनी देओल के साथ-साथ वरुण धवन भी शूटिंग सेट पर नजर आ रहे हैं। सनी देओल ने शूटिंग सेट से तस्वीर शेयर की है, उसमें सनी और वरुण टैंक पर बैठे दिख रहे हैं। वहीं, फिल्म बॉर्डर (1997) के डायरेक्टर जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता और फिल्म प्रोड्यूसर भूषण कुमार भी इस तस्वीर में शामिल हैं। बॉर्डर 2 के शूट लोकेशन से तस्वीर शेयर कर सनी देओल ने इसके कैप्शन में लिखा है, एक्शन, विरासत, देशभक्ति, झांसी के कंटोनमेंट में बॉर्डर 2 की शूटिंग पर सनी देओल, वरुण धवन, प्रोड्यूसर भूषण कुमार, निधि दत्ता, को-प्रोड्यूसर शिव चनाना, बिनोय गांधी और डायरेक्टर अनुराग सिंह, शौर्य और त्याग से लबरेज फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बता दें, सनी देओल ने फिल्म गदर 2 से बॉक्स ऑफिस पर 22 साल बाद वापसी की है। गदर 2 की सक्सेस के बाद सनी देओल की झोली में फिल्में ही फिल्में हैं। सनी फिल्म सफर, लाहौर 1947 और साउथ सिनेमा डेब्यू फिल्म जाट में नजर आने वाले हैं। यह सभी फिल्मों अगले साल तक रिलीज हो जाएंगी और फिल्म जाट तो मौजूदा साल में ही रिलीज होने जा रही है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### नक्सली हमले में दोषियों की क्रिमिनल अपील हाईकोर्ट ने की खारिज



#### कहा- साजिश का प्रत्यक्ष प्रमाण

**रायपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 15 सीआरपीएफ जवानों की हत्या के मामले में दोषी नक्सलियों की क्रिमिनल अपील खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि साजिश हमेशा गुप्त रूप से रची जाती है, जिसके प्रत्यक्ष प्रमाण पेश कर पाना कठिन होता है। अभियोजन पक्ष ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अपराध साबित किया, जिसे अदालत ने स्वीकार किया और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

### छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त चयन की प्रक्रिया तेज



#### चार सदस्यीय सर्च कमेटी गठित

**रायपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्य सूचना आयुक्त के चयन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इसके लिए चार सदस्यीय सर्च कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता एसीएस मनोज पिंगुआ कर रहे हैं। इस कमेटी में आईएएस निहारिका बारिक, सोनमणि बोरा और अविनाश चंपावत सदस्य के रूप में शामिल हैं। अब तक 58 लोगों ने इस पद के लिए आवेदन किया है।

### फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर 540 करोड़ की ठगी




#### जांच कर रही पुलिस

**रायपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप की तर्ज पर एक और बड़े घोटाले का खुलासा हो रहा है। जानकारी के मुताबिक फारेक्स ट्रेडिंग में करीब 540 करोड़ का घोटाला हुआ है। ये कंपनी इन्वेस्टमेंट के नाम पर बीस महीने में पैसे को डबल करने का लालच दिया करती थी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, बिलासपुर, कांकेर मे ये खेल खेला जा रहा था। जानकारी के मुताबिक कांकेर जिले के एक युवक फारेक्स ट्रेडिंग के नाम से ये गोलमाल किया है। फारेक्स ट्रेडिंग के ज़रिए मनी लॉन्ड्रिंग व टैक्स चोरी भी की गयी है।

### मुखबिरी का आरोप लगाकर शिक्षादूत और ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर,20 फरवरी 2025(ए)।** बस्तर में नक्सलियों द्वारा आम लोगों की हत्या की



खबरें लगातार आ रही हैं। इसी कड़ी में बीती रात दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सरहद पर बसे ग्राम तोड़मा में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगा एक शिक्षादूत व एक अन्य ग्रामीण की गला घोंटकर हत्या कर दी है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

# छत्तीसगढ़ के पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में जमकर हुआ वोटिंग

- » नक्सल प्रभावित इलाकों में भी मतदान को लेकर रहा उत्साह
- » दूसरे चरण में मतदान के लिए 9,738 मतदान केंद्र बनाए गए थे...
- » बस्तर संभाग की पंचायतों में दोपहर 2 बजे तक चला मतदान
- » नक्सल प्रभावित इलाकों में भी सुबह से लगी वोटर्स की लाइन



**रायपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में आज मतदान हुआ। 43 विकासखंडों की पंचायतों के लिए मतदाताओं ने मतदाधिकारी का उपयोग किया। इसके बाद तीसरे और अंतिम चरण का मतदान 23 फरवरी को होगा।
दूसरे चरण में मतदान के लिए 9,738 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह सात से शुरू हुआ मतदान दोपहर तीन बजे तक चला। वहीं, बस्तर संभाग में सुबह 6.45 से मतदान शुरू हुआ, जो दोपहर दो बजे तक चला।

#### उसूर और भोपालपटनम जनपद में मतदाताओं में सुबह से दिखा उत्साह

बीजापुर के उसूर व भोपालपटनम जनपद पंचायत में वोटिंग के लिए सुबह से लाइन लगी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में वोटिंग को लेकर भारी उत्साहे दिखा। उसूर के पामेड़, तर्रेम, ईलमिडी, उडतामल्ला, मुरकीनार में मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली।
इसी तरह भोपालपटनम जनपद में तिमेड़, पामगल, मद्देड़, तारलागुडा, वरदली,बारेगुडो सहित अधिकांश मतदान केंद्रों में सुबह से मतदान करने भीड़ जमो रही। मतदान केंद्रों में महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा देखी गई।

#### दूसरे चरण में चार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव

दूसरे चरण में भोपालपटनम और उसूर जनपद में चार जिला पंचायत सदस्य, 20 जनपद सदस्य के लिए चुनाव हुए। ग्रामीण अपने पसंद के उम्मीदवार को चुनने के लिए कई किमी दूर से ट्रैक्टर या अपने दोपहिया वाहन से मतदान केंद्रों तक पहुंचे।

#### पहले चरण में हुआ था 81.38 प्रतिशत मतदान

26,988 पंच, 3,774 सरपंच, 899 जनपद सदस्य तथा 138 जिला पंचायत सदस्यों के लिए दूसरे चरण में मतदान किया जाएगा। पंच पद के 65,716, सरपंच के लिए 15,217, जनपद सदस्य के 3,885 और जिला पंचायत सदस्य के लिए 699 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। पहले चरण में 53 विकासखंडों की ग्राम पंचायतों के लिए 81.38 प्रतिशत मतदान हुआ था।

#### इन ब्लाकों में हुई वोटिंग

बिल्हा, पेंड्रा, लोरमी, नवागढ़, मालखरौदा, पोड़ी-उपरोड़ा, खरसिया, धरमजयगढ़, बिलाईगढ़, रामानुजनगर, प्रेमनगर, बलरामपुर, सीतापुर, मैनपाट, मनेंद्रगढ़, जशपुर, मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी, धरसींवा, तिल्दा-नेवरा, कसडोल, छुरा, पिथौरा, बागबहरा, कुरूद, पाटन, बालोद, छुरिया, खैरागढ़, मोहला, बोड़ला, पंडरिया, फरसगांव, माकड़ी, बस्तर, लोहंडीगुड़ा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, कटेकल्याण, छिंदगढ़, भोपालपटनम और ऊसूर।

#### बालोद के ग्राम पंचायत सूरेगांव में पुनर्मतदान

बालोद जिले के डौंडीलोहरा में ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक आठ में 23 फरवरी को पुनर्मतदान कराया जाएगा। यहां पर 17 फरवरी को प्रत्याशियों को प्रतीक चिह्न गलत आवंटित हो गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान को शून्य घोषित कर पुनर्मतदान का निर्णय लिया है।

### पंचायत चुनाव में मतदाताओं से धोखा

#### प्रत्याशी ने बांटे नकली चांदी के गहने, ग्रामीणों में आक्रोश, अब चुनाव दोबारा कराने की मांग

चुनाव को लेकर पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के प्रत्याशी दम खम के साथ मैदान में उतरे हुए है। लोभ लुभावन वादे के साथ ग्राम पंचायत बोड़तरा खुर्द में 150 से अधिक नकली ज्वेलरी बिल के साथ नकली चांदी वितरण किया गया है। वहीं ग्रामीण मतदाता इस बात को लेकर आक्रोश में है।
पूरा मामला कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत बोड़तरा खुर्द का है। जहां अमित शर्मा नाम के प्रत्याशी ने पूरे गांव में नकली बिल और नकली चांदी के ज्वेलरी मतदाताओं को लुभाने के लिए बांट दिया। वहीं जब ग्रामीणों को शक हुआ तो उन्होंने असली नकली ज्वेलरी की पहचान के लिए पायल और बिछिया को जलाया तो पाया कि सभी नकली है।

### महिला पुलिसकर्मी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

#### 40-50 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान हार-जीत के फैसले को लेकर कांकेर जिले में पक्ष और विपक्ष के बीच विवाद इतना बढ़ गया वो एकदूसरे पर टूट पड़े। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी जब मतपेटी को छीनने की कोशिश कर रहे भीड़ को रोकने पहुंची तो भीड़ पुलिस पर भी टूट पड़ी और महिला पुलिसकर्मी से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वायरल हो रहे एक वीडियो के आधार पर पुलिस ने एक को गिरफ्तार और 40-50 लोगों पर केस दर्ज किया है। वारदात जिले के कांकेर, चारामा और नरहरपुर विकासखंड का है, जहां मतदान शांति पूर्ण रहा,लेकिन मतगणना के बाद काफी जगहों पर विवाद की खबरें सामने आई. बुधवार को मतगणना के दौरा ग्राम पुसवाड़ा में माहौल उस समय तनाव पूर्ण हो गया जब मतगणना के बाद सरपंच प्रत्याशी रुखमणी कोसम चुनाव हार गईं, जिससे समर्थक आगबबूला हो गए। रुखमणी समर्थकों ने बीच-बचाव करने पहुंची पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया. आगबबूला हुए समर्थकों ने पुलिस की दो वाहनों में तोड़-फोड़ की और इस बीच महिला पुलिसकर्मी को दौड़ा लिया और फिर दौड़ा-दौड़ाकर महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने जैसे-तैसे महिला पुलिसकर्मी को भीड़ से बचाया।



#### सुकमा में गांव की सरकार बनाने हुआ मतदान

सुकमा के छिंदगढ़ ब्लाक में दूसरे चरण का मतदान जारी है। ब्लाक में 60 पंचायत में 165 मतदान केंद्र बनाए गए। वहीं जिला पंचायत की 5 सीटों पर मतदान हुआ।

# स्कूल जाने में कोताही बरतने वाले स्टूडेंट्स की बढ़ी मुश्किलें

#### बोर्ड परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे



**रायपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने एक नई व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत अब अपात्र विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने से पहले ही रोक दिया जाएगा। क्योंकि वे अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड ही नहीं कर पाएंगे। पहले कई बार ऐसे मामले सामने आते थे, जहां अपात्र विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो जाते थे, लेकिन अब यह संभव नहीं होगा। अपात्र विद्यार्थियों में वे छात्र शामिल हैं जिनकी कक्षा में उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है। इसके अलावा, अनुशासनहीनता, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नामांकन, या अन्य अनियमितताओं में संलिप्त छात्रों को भी अपात्र घोषित किया जाता है। मंडल की इस नीति का उद्देश्य योग्य छात्रों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर देना है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, बल्कि छात्रों को नियमित उपस्थिति और अनुशासन का महत्व भी समझ में आएगा।



## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी प्रदेश में भू अर्जन प्राधिकरण में पद 20 माह से है खाली

#### हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**बिलासपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** भूविस्थापितों के हित के लिए गठित भूमि अधिग्रहण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ में सरकारी उपेक्षा का शिकार है। इस प्राधिकरण में बीते 20 महीने से पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

#### भू-अर्जन के मामलों की होती है सुनवाई

मालूम हो कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भूमि अर्जन, पुनर्वासन, और पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े विवादों को सुलझाने के लिए राज्य स्तरीय भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण (सीजी बीएचएआर) गठित किया है। इसके पीठासीन अधिकारी सेवानिवृत जिला न्यायाधीश या उनके समकक्ष किसी न्यायिक अधिकारी को नियुक्त किया जाता है। मगर यह पद सितंबर 2023 से खाली है। यह प्राधिकरण, भूमि अर्जन, पुनर्वासन, और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 51 के तहत काम करता है। अगर किसी हितबद्ध व्यक्ति को कलेक्टर द्वारा भू-अर्जन के संबंध में पारित अधिनिर्णय से असंतोष है, तो वह अपना मामला प्राधिकरण के पास भेज सकता है। प्राधिकरण, आवेदक से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए कलेक्टर को सूचित करता है। सुनवाई के बाद, प्राधिकरण मामले का निपटारा करेगा।

#### भू-अर्जन के लिए 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति अनिवार्य

औद्योगीकरण,अनिवार्य अवसंचरचनात्मक सूविधाओं के विकास, और नगरीकरण के लिए भूमि का अर्जन करने के मामलों में प्रभावित परिवारों को रोज़गार की व्यवस्था की जाती है। भू-अर्जन के लिए 2013 में पारित नए कानून के तहत 75 प्रतिशत विस्थापित हो रहे किसानों की सहमति अनिवार्य है। पीठासीन अधिकारी पर इसकी निगरानी का भी दायित्व है।

## निष्कासन की अनुशंसा को लेकर कांग्रेस विधायक अटल ने किया पलटवार

**बिलासपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** न्यायधानी में कांग्रेसियों के दो खेमों की लड़ाई खत्म होने का नाम नहीं ले रही। दोनों ही गुट के नेता एक दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप लगा रहे हैं। बिलासपुर ग्रामीण और शहर जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने निगम चुनाव में भीतर घात करने वालों को बाहर किया तो उनके समर्थक




कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने उन्हें चपरासी बता दिया। इस कारण नाराज होकर दोनों जिला अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को चिट्ठी लिखकर अटल श्रीवास्तव के खिलाफ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की अनुशंसा कर डाली।

#### बलौदाबाजार आगजनी मामले में सुप्रीम कोर्ट से देवेंद्र यादव को जमानत मिलने पर भूपेश बघेल बोले...

## सरकारी षड्यंत्र की हार



**रायपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** बलौदाबाजार आगजनी मामले में आरोपी बनाए गए भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे सत्य की जीत और सरकारी षड्यंत्र की हार करार दिया है।
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर किए अपने पोस्ट में लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज सरकारी षड्यंत्र में जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को जमानत दे दी है। यह सत्य की जीत है। यह सरकारी षड्यंत्र की हार है। आने वाले समय में यह साबित हो जाएगा कि सरकार ने उन्हें गलत तरीके से महीनों जेल में रखा।



## हॉस्टल में यूपीएससी छात्रा की मिली लाश

**बिलासपुर,20 फरवरी 2025(ए)।** यूपीएससी की तैयारी कर रही एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव शहर के एक प्राइवेट हॉस्टल के बंद कमरे में मिला। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)